● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 286, पृष्ठ : 08, सीधी, मंगलवार , 03 दिसम्बर 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



महाकुंभ में रिकाई संख्या में श्रद्धालु आयेंगे 5

हम जो चाहते थे हमे मिल गया: रोहित 6

## आदिगुरू शंकराचार्य ज्ञान परम्परा के सूर्य : डॉ. यादव

### चरणबद्ध रूप से पूर्ण होगा एकात्म धाम, मुख्यमंत्री ने ओंकारेश्वर पहुंचकर आदिगुरु की प्रतिमा के किये दर्शन

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आदि गुरू शंकराचार्य जी की किसी से तुलना नहीं हो सकती, वे ज्ञान परंपरा में सूर्य के समान प्रकाशमान है। उनका यहां विराजना ही शुभता का सूचक है, वर्तमान में हिंसा का दौर चल रहा है ऐसे में आचार्य शंकर का जीवन दर्शन हमें शांति की प्रेरणा देता है। उन्होंने संतो को प्रणाम करते हुए कहा कि शंकराचार्य जी की परिकल्पना को पूर्ण रूप से साकार करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी संस्कृति के संरक्षण के लिए सदैव हमारा मार्गदर्शन करते है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार सभी उत्सवों एवं पर्वों में समाज के साथ सहभागी है। उन्होंने ओंकारेश्वर स्थित एकात्म धाम में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते एकात्म धाम को चरणबद्ध तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिये।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आदिगुरू शंकराचार्य ने एकात्मवाद का अद्भुत संदेश जन-जन तक पहुंचाया। सनातन धर्म परम्परा की रक्षा एवं उसके सिद्धांतों के वैश्विक प्रचार-प्रसार में उनकी अहम भूमिका रही। कठिनाइयों और संघर्षों का सामना करते हुए वे अपने गुरु से दीक्षा लेने के लिए केरल से ओंकारेश्वर आए। उन्होंने गुरु दक्षिणा को अपने आचरण एवं कृतित्व से सार्थक किया और देश को एक रूप में जोड़ने की नई दिशा दिखाई। आदिगुरु शंकराचार्य ज्ञान परम्परा के बड़े वाहक थे। आदिगुरू शंकराचार्य ने देश की चारों दिशाओं में पीठ की स्थापना कर सबको एकता के सूत्र में पिरोया।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महामंडलेश्वर दत्तात्रेय आश्रम पूज्य स्वामी श्री विवेकानंद पुरी जी ने कहा कि ओंकारेश्वर-ममलेश्वर अद्वैत एकात्मता का धाम है। यह आदिगुरू शंकराचार्य और भारत को एक पहचान देने का केंद्र है। उन्होंने कहा ओंकारेश्वर, आदिगुरू शंकराचार्य जी की दीक्षाभूमि और साधना स्थली रही है। ओंकारेश्वर को पांचवें पीठ के रूप में विकसित किए जाने की आवश्यकता है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोमवार को ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग महादेव के दर्शन कर जलाभिषेक किया। उन्होंने बाबा ओंकारेश्वर से प्रदेश की सुख-समृद्धि, विकास और कल्याण की प्रार्थना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव पैदल पुल से ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने माँ नर्मदा के विहंगम दृश्य का अवलोकन कर माँ नर्मदा को प्रणाम किया। उन्होंने फूल-प्रसादी विक्रय करने वाले दुकानदारों से भी चर्चा की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ओंकारेश्वर में आदिगुरू शंकराचार्य की प्रतिमा के दर्शन किये और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पुष्प अर्पित कर पूजन किया। बटुकों ने मंत्रोच्चारों के साथ पूजन विधि संपन्न कराई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर आयोजित एकात्म धाम पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया और एकात्म धाम परिसर में पुस्तक एवं कैलेंडर का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग ट्रस्ट के ट्रस्टी श्री राव देवेंद्र सिंह चौहान, सहायक सी.ई.ओ. श्री अशोक महाजन सहित अन्य ट्रस्टी गण ने बाबा ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग की प्रतिकृति का प्रतीक चिन्ह भेंट किया।

## कर संग्रह में दखल कम और तकनीक का हो इस्तेमाल: राष्ट्रपति

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को कहा कि कर संग्रह को कम दखल वाला बनाने के लिए प्रयास किए जाने चाहिए और इस प्रक्रिया में तकनीकी का अधिक इस्तेमाल करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि कर प्रशासन के क्षेत्र में नए विचार और समाधान लाने की जिम्मेदारी युवा अधिकारियों पर है। मुर्मू यहां राष्ट्रपति भवन में भारतीय राजस्व सेवा (शुल्क और अप्रत्यक्ष कर) के प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित कर रहीं थीं।

राष्ट्रपति ने कहा कि कराधान केवल देश की आय बढ़ाने का एक तरीका नहीं है। बल्कि यह सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक विकास के लिए भी महत्वपूर्ण है। देश के नागरिकों के करों का उपयोग देश और उसके लोगों के विकास के लिए किया जाता है। उन्होंने अधिकारियों से यह भी कहा कि अगर वे अपने काम को समर्पण और निष्ठा से



करेंगे, तो वे देश के विकास में महान योगदान दे सकेंगे। मुर्मू ने कहा कि इस नए और बदलते दौर में कर संग्रह में कम दखल और अधिक तकनीकी का इस्तेमाल किया जाना चाहिए।

उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय राजस्व सेवा (शुल्क और अप्रत्यक्ष कर) देश की अर्थव्यवस्था को एक समान प्रणाली और साझा प्रशासनिक मूल्यों के जरिए जोड़ती है और यह सेवा देश में कर प्रशासन की बराबरी को बढ़ावा देती है। राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि यह सेवा देश के संसाधनों का उपयोग आर्थिक विकास, ढांचा निर्माण, सामाजिक-आर्थिक योजनाओं, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के संचालन करती है, जिससे स्पष्ट होता है कि आईआरएस अधिकारियों की भूमिका राष्ट्र निर्माण में कितनी महत्वपूर्ण है।

राष्ट्रपति ने प्रशिक्षु अधिकारियों से कहा कि अपने प्रशासनिक दायित्वों को निभाने के लिए उन्हें ऐसी प्रणालियों और प्रक्रियाओं को विकसित करना चाहिए, जो पारदर्शी हों और जवाबदेही सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि आईआरएस अधिकारी केंद्र सरकार, व्यवसाय और विभिन्न राज्यों में कर प्रशासन के बीच महत्वपूर्ण कड़ी हैं। मुर्मू ने यह भी कहा कि बदलते सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य में राष्ट्रीय हित का एजेंडा खासतौर पर अंतरराष्ट्रीय आर्थिक सहयोग से तय होता है। उन्होंने कहा, आईआरएस अधिकारी देश की आर्थिक सीमाओं के रक्षक होते हैं और उन्हें हमेशा ईमानदारी और समर्पण से काम करना चाहिए।

## यूएस में ट्रंप प्रशासन का आना व्यापारिक नजरिए से महत्वपूर्ण: जयशंकर

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के भागीदारी सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि अमेरिका में दूसरी बार ट्रंप प्रशासन का आना व्यापार के दृष्टिकोण से एक महत्वपूर्ण बदलाव है और इस पर चर्चा होना भी स्वाभाविक है। उन्होंने कहा कि अगल-अलग देशों की पहले की सरकार के अनुभवों से ही अगली सरकार के बारे में नीति तैयार की जाती है।

जयशंकर ने कहा, भारत और अमेरिका के बीच रणनीतिक सहयोग



समय के साथ और गहरा हुआ है। दोनों देशों ने एक ऐसा माहौल बनाया है, जिसमें अधिक सहयोग की संभावनाओं की तलाश की जा सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि दोनों प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के बीच व्यापारिक संबंध में हमेशा कुछ न कुछ समझौते होंगे और यह जरूरी है कि दोनों देशों के लिए लाभकारी समझौते बनाए जाएं। विदेश मंत्री ने यह भी कहा, भारत जितना अधिक योगदान देगा, उतने ही हमारे संबंध मजबूत होंगे। उन्होंने क्षेत्रीय बदलावों के बारे में भी चर्चा की और कहा कि भारत के पड़ोसी देशों के साथ आर्थिक और सामाजिक संबंध पहले से कहीं अधिक मजबूत हो गए हैं। इसके अलावा, दुनिया की अर्थव्यवस्था में अब महत्वपूर्ण बदलाव हुआ है। उन्होंने आगे कहा, अमेरिका और चीन के बीच तनाव इस हद तक बढ़ गया कि जिसकी कुछ साल पहले तक कल्पना भी नहीं की जा सकती थी।

## बिहार में सीएचओ की परीक्षा रद्द

**पटना।** बिहार में सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी के 4500 पदों पर ली जा रही परीक्षा में गड़बड़ी हुई है। बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई की टीम ने एक साथ 12 सेंटर पर छापेमारी की। जांच के बाद जो मामले सामने आए, वह हैरान करने वाले थे। सॉल्वर गैंग इस परीक्षा में गड़बड़ी कर रहे थे। इसमें सेंटर संचालकों की भी मिलीभगत थी। ईओयू ने गड़बड़ी करने के आरोप में शाइन टेक प्राइवेट लिमिटेड के लोगों, ऑनलाइन परीक्षा केंद्रों के प्रमुखों, ऑनलाइन परीक्षा केंद्रों के आईटी प्रबंधकों, परीक्षा समन्वयकों और आईटी सहायक कर्मचारियों सहित 37 लोगों को हिरासत में लिया है।

## किसानों के दिल्ली कूच से लगा महाजाम

**नोएडा।** नोएडा, ग्रेटर नोएडा व यमुना प्राधिकरण से अपनी मांगें पूरी करने के लिए आंदोलन कर रहे किसानों ने सोमवार को महामाया फ्लाईओवर के पास जुटकर दिल्ली कूच किया। संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले जुटे किसान पुलिस के रस्से और बैरिकेडिंग को पार करते हुए दलित प्रेरणा स्थल सेक्टर-95 में सेक्टर-18 के लिए चढ़ने वाले रैंप के पास तक पहुंच गए। फिर यहीं पर किसान सड़क पर बैठ गए। करीब एक घंटा प्राधिकरण व पुलिस अधिकारियों के साथ किसानों की वार्ता हुई। किसान इस मांग पर अड़े रहे कि मांगे अभी



मानी जाएं या उनको दिल्ली जाने दिया जाए। पुलिस-प्रशासन किसानों को वापस घर भेजने की कोशिश में था। आखिर में किसानों ने 7 दिन का समय दिया। तब तक किसान दलित प्रेरणा स्थल के अंदर ही धरना देंगे। इस दौरान एक्सप्रेस-वे दोनों तरफ से बंद होने से ट्रैफिक शहर के अंदर के रास्तों पर डायवर्ट कर दिया गया। फिर एक्सप्रेस-वे पर नोएडा आने वाले वाहन कई किलोमीटर लंबी लाइन में नजर आए। शहर के अंदर के रास्तों पर वाहनों का दबाव दोनों तरफ से अचानक से बढ़ने पर व्यवस्था चरमरा गई। इस तरह एक्सप्रेस-वे से लेकर शहर के अंदर की सड़कों पर लोग घंटों जाम में फंसे रहे। शाम तक वाहन रेंगते नजर आए। संयुक्त किसान मोर्चा की तरफ से दिल्ली कूच के लिए दोपहर 12 बजे से किसान संगठनों को महामाया फ्लाईओवर के पास जुटने के लिए कहा गया था। मोर्चे में शामिल 10 संगठनों के किसान यहां पर जुटे और नारेबाजी की और फिर दिल्ली कूच का फैसला लिया।

## संसद में गतिरोध खत्म करने के लिए सरकार और विपक्ष साथ आए

**नई दिल्ली।** संसद के शीतकालीन सत्र की शुरुआत से ही विपक्ष अपने तमाम मुद्दों को लेकर हंगामा कर रहा है, वहीं उसका आरोप है कि सत्ता पक्ष की तरफ से उनकी मांगें न माने जाने के कारण संसद की कार्यवाही सुचारु रूप से नहीं चल पा रही है। जिसकी वजह से संसद के महत्वपूर्ण छह दिन हंगामे की भेंट चढ़ गए। इसे लेकर आज लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने तमाम दलों के साथ एक बैठक भी की है। इस बैठक में कई राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## त्रिपुरा में बांग्लादेश दूतावास के परिसर में घुसपैठ

**अगरतला।** भारत ने सोमवार को अगरतला में बांग्लादेश के सहायक उच्चायोग में परिसर में घुसपैठ की घटना को बेहद खेदजनक बताया और कहा कि किसी भी परिस्थिति में वाणिज्य दूतावास की संपत्तियों को निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए। विदेश मंत्रालय (एमईए) की यह टिप्पणी हजारों लोगों की तरफ से बांग्लादेश में हिंदू भिक्षु चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी और अल्पसंख्यकों पर हमलों के विरोध में त्रिपुरा की राजधानी अगरतला में बांग्लादेशी मिशन के आसपास एक विशाल रैली निकालने के कुछ घंटों बाद आई। दरअसल, अगरतला में बांग्लादेशी सहायक उच्चायोग के परिसर में कथित तौर पर 50 से अधिक प्रदर्शनकारियों ने प्रवेश किया, जिससे परिसर में मौजूद लोगों में चिंता पैदा हो गई। मामले में विदेश मंत्रालय ने कहा, अगरतला में बांग्लादेश के सहायक उच्चायोग में परिसर में घुसपैठ की आज की घटना बेहद खेदजनक है।

## हिंदुओं पर हमले रोको वरना निर्यात पर लगेगा बैन: शुभेंदु

**पेट्रापोल ।** बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों के खिलाफ अत्याचार को लेकर पूर्वी राज्य पश्चिम बंगाल में भी आक्रोश देखने को मिल रहा है। इस बीच, राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने पड़ोसी देश की अंतरिम सरकार को चेतावनी दी कि अगर उनके यहां अल्पसंख्यक हिंदुओं और उनकी संस्थाओं पर हो रहे हमलों को नहीं रोका गया, तो बंगाल की जमीनी सीमा से बांग्लादेश को निर्यात पर अनिश्चितकालीन



प्रतिबंध लगा दिया जाएगा। शुभेंदु अधिकारी ने पेट्रापोल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर एक विरोध सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि बांग्लादेश से व्यापार पर चरणबद्ध तरीके से प्रतिबंध लगाया जाएगा, जिससे बांग्लादेश भारत से जरूरी वस्तुओं पर निर्भर होगा। इस कार्यक्रम में भाजपा के अन्य नेताओं ने भी भाग लिया। हालांकि, वे पार्टी के निशान के बिना यहां मौजूद रहे। पड़ोसी देश में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में पेट्रापोल सीमा पर सोमवार को व्यापार चौबीस घंटों के लिए रोक दिया गया था। इस विरोध को भारत के कारोबारी संगठनों, खासतौर पर बंगिया हिंदू समिति की ओर से आयोजित किया गया था। अधिकारी ने कहा, यह चौबीस घंटे का व्यापार बंद केवल एक शुरुआत है। अगर अगले हफ्ते तक हिंदुओं और उनके धार्मिक स्थलों पर हमले नहीं रुके, तो हम पांच दिन तक व्यापार पर प्रतिबंध लगाएंगे। नए साल के बाद हम अनिश्चितकाल के लिए व्यापार रोक देंगे।

## सीतारमण-रूपाणी की मौजूदगी में चुना जाएगा महाराष्ट्र का सीएम

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने महाराष्ट्र के लिए पर्यवेक्षकों के नाम का एलान कर दिया है। पार्टी ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी को केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। पार्टी की ओर से सोमवार को जारी एक बयान में यह घोषणा की गई। इनकी मौजूदगी में ही पार्टी विधायक दल के नेता का चयन होगा। इस बात की प्रबल संभावना है कि वह ही महाराष्ट्र का अगला मुख्यमंत्री होगा। भाजपा महासचिव अरुण सिंह की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि पार्टी के संसदीय बोर्ड ने महाराष्ट्र में पार्टी विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए विजय रूपाणी और निर्मला सीतारमण को केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। सूत्रों के मुताबिक, जो भी विधायक दल का नेता चुना जाएगा, उनका राज्य का अगला मुख्यमंत्री बनना लगभग तय हो जाएगा। हालांकि, इसे लेकर भाजपा ने चुप्पी साध रखी है, लेकिन माना जा रहा है कि इस दौड़ में पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस सबसे आगे हैं।

## मप्र के नए डीजीपी कैलाश मकवाना ने संभाला कार्यभार

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के नवागत पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) कैलाश मकवाना ने सोमवार को कार्यभार संभाल लिया। डीजीपी मकवाना ने पदभार ग्रहण के बाद वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर कानून-व्यवस्था की समीक्षा की और कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पुलिस अनुशासन और कानून-व्यवस्था की स्थिति बेहतर है, जिसे और मजबूत बनाने का प्रयास किया जाएगा। नए डीजीपी ने जनता और पुलिस के बीच विश्वास बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जनता की शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के लिए पुलिस थानों में सुधार किए जाएंगे।

## बिना मानवीय दखल के जुड़ती हैं एलएचबी बोगिया: वैष्णव



**नई दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को राज्यसभा में बताया कि भारतीय रेलवे ने साल 1999-200 में जो आधुनिक लिंक-हॉफमैन-बुश (एलएचबी) बोगियां लगाई थीं, उनमें सेंटर बफर कपलर लगाए गए हैं। जिससे बोगियों को जोड़ने की प्रक्रिया बिना किसी हाथ की मदद के होती है। मंत्री ने यह जानकारी रेल की बोगियों को जोड़ने और अलग करने के दौरान सुरक्षा उपायों के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में दी। उन्होंने हाल की उस घटना का भी जिक्र किया जिसमें रेलवे के एक कर्मचारी इंजन और बोगियों को जोड़ने की प्रक्रिया में बीच में फंस गया था और उसकी जान चली गई थी। वैष्णव सुरक्षा उपायों को लेकर सांसद प्रियंका चतुर्वेदी और डेरेक ओब्रायन की ओर से उठाए सवालों पर जवाब दे रहे थे। रेल मंत्री ने बताया कि आईसीएफ बोगियों में स्क्रू कपलिंग और साइड बफर होते थे, जिनमें बोगियां जोड़ने के लिए हाथ की मदद की जरूरत होती थी। 1999-2000 में रेलवे ने एलएचबी बोगियों को पेश किया, जिसमें सेंटर बफर कपलर होते हैं, जिसमें बोगियां बिना हाथ के मदद से खुद ही जुड़ जाती हैं।

## पीएम मोदी ने केंद्रीय मंत्रियों संग देखी द साबरमती रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** विक्रांत मैसी अभिनीत द साबरमती रिपोर्ट हाल ही में संसद सभागार में प्रदर्शित की गई, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्रियों और सांसदों सहित दिग्गज हस्तियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में अभिनेता विक्रांत मैसी भी मौजूद थे। फिल्म की स्क्रीनिंग शाम 4 बजे संसद परिसर की लाइब्रेरी में हुई। पीएम मोदी के अलावा, अभिनेत्री रिद्धि डोगरा, निर्माता एकता कपूर, निर्देशक धीरज सरना और फिल्म की टीम के अन्य सदस्य भी स्क्रीनिंग में शामिल हुए।

इस स्पेशल स्क्रीनिंग के दौरान फिल्म की स्टारकास्ट से विक्रांत मैसी, राशि खन्ना और रिद्धि डोगरा भी मौजूद रहे। प्रोड्यूसर एकता कपूर भी नजर आईं। यह फिल्म



2002 में गोधरा स्टेशन के पास साबरमती एक्सप्रेस के कोच में आग लगने की घटना पर आधारित है। प्रधानमंत्री मोदी ने पहले सोशल मीडिया के माध्यम से फिल्म की प्रशंसा की थी। उन्होंने कहा था कि फर्जी कहानी केवल सीमित समय तक ही चल सकती है। वहीं, फिल्म देखने के बाद पीएम मोदी ने कहानी और इसके कलाकारों के साथ टीम की भी तारीफ की।

इस दौरान मनोहर लाल, जीतन राम मांझी, नितिन गडकरी, राजनाथ सिंह, पीएम मोदी, अमित शाह, जेपी नड्डा और मनसुख मांडविया जैसे राजनेता भी मौजूद रहे। पीएम मोदी ने एक्स अकाउंट पर फिल्म की स्क्रीनिंग की झलकियां साझा कीं। कुछ तस्वीरें साझा करते हुए पीएम मोदी ने कैप्शन में लिखा, द साबरमती रिपोर्ट की स्क्रीनिंग में एनडीए के साथी सांसदों के साथ शामिल हुआ। मैं फिल्म के निर्माताओं के प्रयासों की सराहना करता हूं। वहीं, पीएम मोदी के साथ बैठकर फिल्म देखने पर विक्रांत मैसी ने भी खुशी जाहिर की।

मुख्य अभिनेता विक्रांत मैसी ने स्क्रीनिंग के बाद संवाददाताओं से कहा, मैंने प्रधानमंत्री और सभी कैबिनेट मंत्रियों और कई सांसदों के साथ फिल्म देखी। यह एक विशेष अनुभव था। मैं इसे शब्दों में व्यक्त नहीं कर पाऊंगा, क्योंकि मैं बहुत खुश हूं। यह मेरे करियर का सबसे अच्छा पल है, जब मुझे प्रधानमंत्री के साथ अपनी फिल्म देखने का मौका मिला। राशि खन्ना ने भी विक्रांत मैसी की बात दोहराते हुए इसे एक अवास्तविक एहसास और उनके करियर का उच्च बिंदु बताया। उन्होंने कहा, हमने यह फिल्म कई बार देखी है, लेकिन आज का दिन बहुत खास था, क्योंकि हमें इसे प्रधानमंत्री के साथ देखने का मौका मिला... यह एक अवास्तविक एहसास है। यह मेरे करियर का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। फिल्म को कई राज्यों में कर-मुक्त कर दिया गया है और अन्य राज्य भी इसे कर-मुक्त करने की राह पर हैं। मुझे उम्मीद है कि लोग इसे बड़ी संख्या में देखेंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ फिल्म द साबरमती रिपोर्ट देखने के बाद अभिनेता जितेंद्र ने कहा, मैंने पीएम मोदी को बताया कि मैंने फिल्म इंडस्ट्री में 50 साल बिताए हैं और पहली बार अपनी बेटी की वजह से मैंने उनके साथ फिल्म देखी है।

# कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम ने माह भर पूर्व बनाई थी जाँच कमेटी

## जाँच करने कमेटी कर रही शुभ मुहूर्त का इंतजार,जनपद पंचायत देवसर के बूढ़ाडाण पंचायत का मामला

**सिंगरौली।** जिले के जनपद पंचायत देवसर अंतर्गत ग्राम पंचायत बूढ़ाडाण सरपंच सचिव के ऊपर स्थानीय ग्राम वासियों ने गंभीर आरोप लगाते हुए प्रशासन से जांच कर उचित कार्रवाई करने की मांग की है ग्राम वासियों ने जनपद कार्यालय देवसर में भी लिखित शिकायत सीईओ संजीव तिवारी से की है इसके अलावा कलेक्टर सिंगरौली को भी शिकायत पत्र देकर कार्यवाही की मांग की गई है।

इधर कलेक्टर ने ग्राम वासियों की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम देवसर को जांच कमेटी तैयार कर बिंदुवार जांच कर प्रतिवेदन सौंपने का निर्देश दिया था कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम देवसर ने जांच कमेटी तो बनाई लेकिन अभी तक दुर्भाग्यवश कमेटी स्थल पर नहीं पहुंची और जांच नहीं हो पाई इधर जनपद कार्यालय से बनी जांच कमेटी भी



किसी शुभ मुहुर्त का इंतजार कर रही है फिलहाल जांच न होने से ग्रामवासी काफी परेशान हैं साथ ही प्रशासन के प्रति धीरे-धीरे ग्राम वासियों का भरोसा उठता जा रहा है बूढ़ाडाण सरपंच एवं सचिव नागेश्वर साहू के ऊपर ग्राम वासियों ने कई गंभीर आरोप लगाया है प्रमुख रूप से बताया गया कि पिछले दो वर्ष के अंतराल में पंचायत में जितने भी निर्माण कार्य हुए हैं सभी निर्माण कार्यों में जमकर भ्रष्टाचार हुआ है कुछ निर्माण कार्य तो सिर्फ कागजों पर ही हुए हैं और राशि आहरित कर आपस में बंदर बात कर ली गई है।बताया गया कि पंचायत के बैगान बस्ती में दो अलग-अलग मद से दो नाग पुलिया का निर्माण करने के नाम पर राशि हुई है लेकिन स्थल पर एक ही पुलिया बनी है एक पुलिया गायब है ऐसे में मांना जा रहा है कि सिर्फ कागजों पर पुलिया बनाकर करीब 15 लख रुपए खर्च कर लिए गए हैं फिलहाल इस आरोप में कितनी सच्चाई है यह तो जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा लेकिन यदि ग्रामीणों के आरोप में सच्चाई है तो निश्चित रूप से ग्राम वासियों के साथ घोर अन्याय हुआ है

### पहली बारिश में ही ध्वस्त हो गया रपटा

ग्राम वासियों द्वारा लगाए जा रहे आरोप पर यदि नजर डालें तो भ्रष्टाचार की कड़ी बहुत लंबी है जोगदहवा नाले में अभी इसी वर्ष रपटा का निर्माण करीब 20 लाख रुपए खर्च कर किया गया था ग्राम वासियों की माने तो जिस जगह हर रपटा का निर्माण कराया गया था वहां कोई बस्ती नहीं है फिर भी सरकारी राशि का दुरुपयोग कर रपटा तो बना दिया गया लेकिन गुणवत्ता का ध्यान नहीं दिया गया और नतीजा यह निकला की पहली बारिश में ही रपटा धराशाई हो गया और करीब 20 लख रुपए पानी में बह गए। बताया गया की पंचायत में होने वाले तमाम निर्माण कार्यों में गुणवत्ता की भारी चोरी की गई है जिस वजह से सभी निर्माण कार्य अब अपने असली रूप में आने लगे हैं

### जाँच कमेटी कर रही मुहूर्त का इंतजार

ग्राम वासियों ने पंचायत में लगातार हो रहे भ्रष्टाचार से आहत होकर स्थानीय प्रशासन से शिकायत की है शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जांच कमेटी तो बनाई गई लेकिन अब जांच कमेटी न जाने किस शुभ मुहुर्त का इंतजार कर रही है। जाँच दल मे वीरेन्द्र कुमार पटेल तहसीलदार तहसील देवसर राजेन्द्र द्विवेदी खण्ड पंचायत अधिकारी जनपद पंचायत देवसर त्रिलोकीनाथ चतुर्वेदी राजस्व निरीक्षक रा.नि.म. खडौरा तहसील देवसर संबंधित पंचायत समन्वय अधिकारी संबंधित ग्राम पंचायत के हल्का पटवारी शामिल हैं तथा जांच प्रतिवेदन अद्योहस्ताक्षरी को तीन दिवस में उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया था।

# खुटार पुलिस ने मोबाईल व नगदी चोरी के 2 आरोपियो को किया गिरफ्तार

**सिंगरौली।** पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के निर्देशन में व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक, निरी, अशोक सिंह परिहार थाना प्रभारी बैढन के मार्ग दर्शन में मोबाईल एवं नगदी 15000 रुपये चोरी करने वाले आरोपियो को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।



जानकारी मे बताया गया कि निवासी ग्राम चितरवई कला चौकी खुटार रिपोर्ट किया कि बीते 30 नवम्बर को रात 7.30 बजे मै अन्नपूर्णा स्वीट्स पर गया हुआ था लगभग 5 मिनट के बाद जब मै अपनी मेडिकल दुकान पर वापस आया तो देखा की हमारे दुकान का काउन्टर खुला हुआ है और उसमे रखा हुआ 15000 रुपए तथा 1 नग छोटा सैमसंग कंपनी का कीपैड मोबाइल गायब है तब आस पडोस के लोगो से पूँछने पर पता चला की दुकान मे कोई आया था दुकान के बगल के राकेश शाह जिसकी फोटो कापी की दुकान है बताए की अभी अभी 2 लोग राहुल साकेत और शिवम साकेत आपकी दुकान मे आए थे जो पीछे की गली तरफ चले गए इसके बाद दुकान के सामने लगे पंचायत के कैमरे का सीसीटीव्ही फुटेज दिखाया गया। जिसके वीडियो मे हमारे दुकान के अंदर घुसकर चोरी करते दो लडके दिखे जिनकी पहचान ग्राम खुटार हरिजन बस्ती के ही राहुल साकेत और शिवम साकेत के रुप मे हुई है। रिपोर्ट पर अपराध सदर कायम कर विवेचना मे लिया गया। दौरान विवेचना आरोपीगण राहुल साकेत पिता स्व. जवाहिर लाल साकेत उम्र 22 वर्ष एवं शिवम साकेत उर्फ छुगनू पिता राधेश्याम साकेत उम्र 19 वर्ष दोनो निवासी खुटार हरिजन बस्ती चौकी खुटार थाना बैढन को गिरफ्तार कर जेआर पर माननीय न्यायालय पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। उक्त कार्यवाही मे चौकी प्रभारी उपनिरी. साहबलाल सिंह परिहार के नेतृत्व मे सउनि, राजेश मिश्रा, प्रआर राय सिंह प्रआर कुलदीप शर्मा, प्रआर रावेन्द्र सिंह, प्रआर रामदरस साकेत, प्रआर गणेश मीणा, आर. राजेश, अभिषेक कुशवाहा एवं उमेश अहिरवार की सराहनीय भूमिका रही।

# एसडीएम के आईपीएस बेटे के निधन से शोक की लहर

## कलेक्टर सहित अधिकारियों ने दी श्रद्धांजलि



**सिंगरौली।** जिले के उपखंड देवसर में पदस्थ एसडीएम अखिलेश सिंह के आईपीएस प्रोबेशनर पुत्र हर्ष बर्धन सिंह 2023 बैच की रविवार शाम को कर्नाटक के सड़क दुर्घटना में मौत होने की जानकारी प्राप्त होते ही शोक की लहर छा गई । हर्ष बर्धन कर्नाटक पुलिस अकादमी में अपना प्रशिक्षण समाप्त करने के बाद जिला प्रशिक्षण के लिए हासन जा रहे थे, तभी हासन जिले में एक सड़क दुर्घटना में उनकी मृत्यु हो गई। कलेक्ट्रेट सभागार में कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला सहित अधिकारी एवं कर्मचारीयों ने मृतक आई.पी.एस श्री सिंह को अपनी सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित कि । तथा कलेक्टर श्री शुक्ला ने अपनी शोक संवेदना व्यक्त करते कहा कि सबके बीच से एक आई.पी.एस जो प्रदेश के विकास में अपने भूमिका निभा सकते थे वो नहीं रहे , उनके इस अपूर्णीय क्षति की पूर्ति करना असंभव है। उन्होंने मृतक की परिवार को इस असहनीय घड़ी में सहनशक्ति प्रदान करने की ईश्वर से कामना कि। तद्पश्चात दो मिनिट का मौन रखा कर मृतक की आत्म की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गई । इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेंद्र सिंह नागेश, अपर कलेक्टर अरविंद झा, सयुक्त कलेक्टर संजीव पांडे,एसडीएम सृजन वर्मा ,राजेश शुक्ला सहित अधिकारी कर्मचारी ने अपनी श्रद्धांजलि दी।

# खेलो एमपी यूथ गेम्स 2024 प्रतियोगिता स्थगित



**सिंगरौली।** नगर पुलिस अधीक्षक विन्ध्यनगर प्रभारी जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी पी. एस. परस्ते ने बताया कि संचालनालय खेल और युवा कल्याण विभाग मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार खेलो एमपी यूथ गेम्स के तहत ब्लाक, जिला, संभाग एवं राज्य स्तरीय खेलों का आयोजन माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10 वीं एवं 12 वीं की छमाही परीक्षा होने के कारण खेलों एमपी यूथ गेम्स 2024 स्थगित किया गया है। आयोजन की नवीन तिथियां ज्ञात होने पर पृथक से अवगत कराया जाएगा।

# जिले भर मे आयोजित हुआ हम होंगे कामयाब विशेष कार्यक्रम

**सिंगरौली।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के मंशानुसार जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम के लिए चलाएं जा रहे विशेष कार्यक्रम हम होंगे कामयाब पखवाड़े के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा के मार्गदर्शन में आज 2 दिसम्बर को संपूर्ण जिले में हम होंगे कामयाब जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आज के विषय लिंग चयन आधारित गर्भपात और गिरते लिंगानुपात को रोकने के लिए पीसी एंड पीएनडीटी अधिनियम के सम्बंध में जागरुकता कार्यक्रम (रैली, चित्रकला प्रतियोगिता, सामुदायिक चर्चा आदि का आयोजन किया गया। थाना प्रभारी



नवानगर निरीक्षक ज्ञानेन्द्र सिंह द्वारा डीएवी स्कूल अमलोरी में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसी क्रम में थाना प्रभारी विन्ध्यनगर श्रीमती अर्चना दिवेदी द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर विन्ध्यनगर में हम होंगे कामयाब अंतर्गत लिंगानुपात, बाल विवाह, पाक्सो अधिनियम, घरेलु हिंसा अधिनियम, के संबंध में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया एवं पोस्टर एवं काव्य पाठ प्रतियोगिता करायी गई।थाना प्रभारी बरगवां शिवपूजन मिश्रा द्वारा पोड़ी बरगवां उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में लिंग चयन आधारित गर्भपात और गिरते लिंगानुपात को रोकने के लिए अधिनियम के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर संबंधित जानकारी दी गई।थाना प्रभारी लाँघाड़ोल पुष्पेन्द्र धुर्वे द्वारा शासकीय विद्यालय धनगड़ में सामुदायिक चर्चा किया जाकर लिंग के आधार पर होने वाले गर्भपात तथा गिरते लिंगानुपात के संबंध में जागरूक किया गया।चौकी प्रभारी सुधाकर सिंह परिहार द्वारा हम होगे कामयाब पखवाड़ा के अंतर्गत शा.प्रा.पाठशाला जयंत गोलाई बस्ती मे बच्चो की चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई।उक्त कार्यक्रम के तारतम्य में, थाना प्रभारी मोरवा निरीक्षक कपूर त्रिपाठी, थाना प्रभारी बैढ़न अशोक सिंह परिहार, थाना प्रभारी गढ़वा, थाना प्रभारी चितरंगी, एवं निगरी, निवास, बगदरा, कुंदवार, गोरबी, बरका, बंधौरा, सासन चौकी प्रभारी द्वारा भी जागरूकता कार्यक्रम अपने-अपने क्षेत्र में आयोजित कराया गया।

# फीस जमा नहीं करने वाले बच्चों को प्राचार्य ने स्कूल से निकाला

## कलेक्टर ने डीईओ को प्राचार्य के विरुद्ध नोटिस जारी करने के दिए निर्देश

**सिंगरौली।** कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला के समक्ष विशन पब्लिक स्कूल खुटार में प्राथमिक कक्षा में अध्यनरत चार बच्चे अपने अभिभावक के साथ इस आशय का आवेदन लेकर आए की हम लोगों की फीस जमा नहीं होने के कारण विद्यालय के प्राचार्य ने पढ़ने से मना करते हुए स्कूल से बाहर कर दिया । वहीं बच्चों के पिता के द्वारा निवेदन किया गया कि में एक कृषक हूं फीस जमा करने हेतु एक माह का समय मांग रहा हूं। फिर भी प्रचार समय देने के लिए तैयार नहीं है। जिसे कलेक्टर ने गंभीरता पूर्वक लेते हुए बच्चों को अपने कक्ष में बैठाया और उनका नाम एवं किस कक्षा में वह पढ़ते है बच्चों से पूछे । साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी एस. बी. सिंह को अपने कक्ष में बुलाकर निर्देश दिए कि इन बच्चों को अपने वाहन में बैठा कर विद्यालय ले जाएं तथा शिक्षा अधिकार अधिनियम तहत संबंधित प्रचार के विरुद्ध कार्यवाही करें । इन बच्चों को शासकीय विद्यालय प्रवेश दिलाकर अवगत करवाने के निर्देश दिए। निर्देश के परिपालन में जिला शिक्षा अधिकारी संबंधित विद्यालय में पहुंच कर बच्चों का ट्रांसफर करवाकर शासकीय विद्यालय, जरहा में बच्चों को दाखिला दिलवाया । जिस पर बच्चों के अभिभावकों ने कलेक्टर के इस कार्यवाही की प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया ।

# संदिग्ध परिस्थितियों में कुएं में मिला अधेड़ का शव, महुआ गांव का मामला

**सिंगरौली।** निवास चौकी क्षेत्र के महुआ गांव गांव के एक कुएं में सोमवार को संदिग्ध परिस्थितियों में एक अधेड़ का शव उतराया मिला। कुआं पंचायत भवन का बताया जा रहा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने कुएं से शव को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। मिली जानकारी के अनुसार महुआ गांव निवासी भैया लाल प्रजापति पिता लक्ष्य प्रजापति उम्र 45 वर्ष का आज सुबह शव कुआं में उतराते लड़के ने देखा। घर से करीब 300 मीटर दूर पंचायत भवन का कुआं था। ग्रामीणों ने इसकी सूचना निवास चौकी पुलिस को दीं। जहां मौके पर पहुंची पुलिस ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकाला। और पंचनामा करते हुए पोस्टमार्टम के लिए सरई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। पीएम करने के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया और जांच शुरू कर दी है। वही परिजनों कर रो रो कर बुरा हाल है। मृतक के दो बेटे बताएं जा रहे हैं।बताया जा रहा है कि मृतक झाड़ फूंक का काम करता था। मृतक का संदिग्ध परिस्थितियों में सरकारी कुआं में रस्सी से हाथ बंधा शव मिलने से हड़कंप मच गया। निवास चौकी प्रभारी मनोज सिंह ने बताया कि जिस तरह से अधेड़ की मौत हुई है प्राथमिक दृष्टि में संदिग्ध मौत मानकर जांच कर रहे हैं। मौके पर मिले साक्ष्य और स्थानीय लोगों से पूछताछ की जा रही है। यह हादसा है या दुर्घटना या फिर हत्या कहना जल्दबाजी होगा। हम सभी बिंदुओं पर जांच कर रहे हैं और जल्द ही इसका खुलासा किया जाएगा।

# देवसर एसडीएम अखिलेश सिंह के पुत्र आईपीएस हर्षवर्धन सिंह का सड़क हादसे में दुखद निधन

## उनके गृह ग्राम सहित सिंगरौली मे भी शोक की लहर

**सिंगरौली**

जिले के उपखंड देवसर में पदस्थ एसडीएम अखिलेश सिंह के पुत्र 2023 बैच के आईपीएस हर्षवर्धन सिंह का सड़क हादसे में दुखद निधन हो गया है उनके निधन की खबर सुनते ही एसडीएम के गृह ग्राम सहित सिंगरौली में भी शोक की लहर फैल गई जानकारी के अनुसार मध्यप्रदेश के जबलपुर निवासी कर्नाटक कैडर के 2023 बैच के आईपीएस हर्षवर्धन सिंह का कर्नाटक के हासन जिले में सड़क



दुर्घटना में असमय निधन हुआ है इस हृदय विदारक घटना मे उनका चले जाना न केवल उनके परिवार बल्कि सम्पूर्ण समाज और भारतीय पुलिस सेवा के लिए एक अपूरणीय क्षति मानी जा रही है, माना जा रहा है कि ऐसे होनहार को देश ने खो दिया जो अभी भारतीय पुलिस में अपनी सेवाएं देना प्रारंभ किए थे समूचे देवसर सहित सिंगरौली जिले में भी दुखद समाचार प्राप्त होते ही शोक की लहर व्याप्त है जानकारी के अनुसार हर्ष बर्धन कर्नाटक पुलिस अकादमी से प्रशिक्षण समाप्त कर हसन जिले में अपनी पहली पोस्टिंग के लिए लौट रहे थे उसी समय सड़क हादसा हुआ उनके चाहने वालों ने शोकाकुल परिवारजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त की है।

# बस से बाइक सवार युवक को कुचला मौत

## देवसर के बलदेव चौराहा की घटना, गडेरिया व नौगढ़ में भी सड़क दुर्घटना

**सिंगरौली।** जिले में लगातार सड़क दुर्घटना होने से असमय लोग काल के गाल में समा रहे हैं। वही आज सोमवार को देवसर के बलदेव चौराहा पर सुबह बस में बाइक सवार को कुचल दिया जिससे घटनास्थल पर युवक की दर्दनाक मौत हो गई। वही बताया जाता है कि गडेरिया व नौगढ़ मैं भी सड़क हादसा हुआ है जहां लोग बाल बाल बच गए है।

मेरी जानकारी के अनुसार जियावन थाना के बलदेव चौराहा में सोमवार की सुबह तकरीबन 9 बजे सुरेश साकेत पिता छोटेलाल साकेत उम्र 32 वर्ष निवासी अकौरी अपनी मोटरसाइकिल से देवसर बाजार आया हुआ था। जहां एक बस में युवक को बाइक सहित कुचल दिया। जिससे युवक की घटनास्थल पर दर्दनाक मौत हो गई। वही जियावन पुलिस मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में ले लिया है। फिलहाल पुलिस यह बताने को तैयार नहीं है कि आखिर किस बस से युवक के की मौत हुई है।

### नौगढ़ में हाइवा में घुसी बाइक

बताया जाता है कि सोमवार की सुबह तकरीबन 9 बजे मोटरसाइकिल से दो युवक जा रहे थे। सामने से आ रहा बेलगांम हाइवा को जब युवक भांप गए की ठोक देगा तो तत्काल सूझबूझ दिखाते हुए बाइक सवार युवको ने बाइक छोड़कर कूद गए। तब किसी तरीके से युवको की जान बची। इसी तरह गडेरिया में भी सड़क हादसा हुआ है। लेकिन इसकी पुष्टि अभी तक नहीं हो पाई।

# चोला मंडलम फाइनेंस कंपनी के शाखा प्रबंधक ने कर्मचारी पर रची साजिश

## पीड़ित कलेक्शन ऑफिसर ने जयंत चौकी में की फरियाद

**सिंगरौली।** जिला मुख्यालय बैढ़न के कचनी में संचालित चोलामंडलम फाइनेंस कंपनी के शाखा प्रबंधक ने अपने ही कर्मचारियों को षडयंत्र पूर्वक फसाते हुए नाजायज दबाव बनाने का प्रयास किया जा रहा है। जिसकी शिकायत कर्मचारियों ने जयंत चौकी में की है लेकिन अभी तक शाखा प्रबंधक पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

जयंत चौकी में दिए शिकायती पत्र में चोलामंडलम में कलेक्शन ऑफिसर के पद पर पदस्थ सर्वेद्र कुमार चौबे पिता अंजनी कुमार चौबे निवासी सिंपलेक्स कॉलोनी वार्ड क्रमांक 12 जयंत ने बताया कि चोलामंडलम फाइनेंस कंपनी में कलेक्शन ऑफिसर के पद पर विगत डेढ़ वर्ष से पदस्थ हूं। जहां ब्रांच



मैनेजर रूपेश सिंह एवं एरिया मैनेजर बृजेश सिंह द्वारा ग्राहकों की किस्त अदायगी को जबरन आश्वासन देकर मुझसे रशीद कटवा कर बैंकिंग कर दिया जाता रहा था। जब इनकार करने और उसके पास पैसा उपलब्ध नहीं होने की बात कहने पर उक्त दोनों अधिकारियों के द्वारा जबरन अन्य से कर्ज दिलवाने अथवा नौकरी से निकाल दिए जाने की धमकी देकर ब्याज पर कर्ज दिलवा कर बैंकिंग कर दिया जाता रहा है। पीड़ित कलेक्शन ऑफिसर ने बताया कि वर्तमान समय में 1 लाख से अधिक धनराशि के कर्ज में डूब गया हूं और जिन ग्राहकों की गाड़ी उक्त अधिकारियों के द्वारा जबरन जप्त करके नीलाम किया जाता था। जब अपने पैसे की बात करता था तो कहते थे कि हम दे देंगे। इसके पश्चात भी आज तक मेरा पैसा वापस नहीं किया गया है। पीड़ित ने बताया कि शाखा प्रबंधक व एरिया मैनेजर स्वयं को कंपनी का मुख्य कर्ताधर्ता बताकर मनमानी तौर पर व्यवहार कर रहे हैं। यहां तक की अब झूठे मामले में फसाने की धमकी दे रहे हैं क्योंकि उक्त लोग अत्यंत सरगम एवं अपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्ति हैं जो अपने धन बल एवं राजनीतिक रसूल का इस्तेमाल करके डरा धमकाकर लाखों रुपए का कर्जदार बना दिया है। जयंत चौकी में शिकायती पत्र देते हुए कार्यवाही की पुरजोर मांग की है।

### मेरे कार्यालय आईये फिर बताऐंगे

पीड़ित कलेक्शन ऑफिसर सर्वेंद्र कुमार चौबे कि शिकायत को लेकर जब चोलामंडलम के एरिया मैनेजर बृजेश सिंह से दूरभाष के माध्यम से बात हुई तो उन्होंने कहा कि मैं रीवा में बैठता हूं सिंगरौली के बारे में शाखा प्रबंधक से बात करिए। जब शाखा प्रबंधक रूपेश सिंह के मोबाइल पर फोन लगाया गया तो उन्होंने कहा कि मेरी ऑफिस कचनी में है ऑफिस में लिए यही बताएंगे। मेरे मोबाइल की बैटरी नहीं है इतना कहते हुए फोन काट दिया।

# सरई बाजार तिराहे पर आए दिन लगता है जाम, परेशान लोग

**सिंगरौली।** सरई बाजार तिराहे में करीब एक घंटे लोग जाम में फंसे रहे। इससे लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ी।आए दिन लगने वाले इस तरह से जाम की समस्या पर जिम्मेदार पुलिस प्रशासन अंकुश लगाने में असफल दिखाई दे रहे हैं।

सरई बाजार में बस,ऑटो,प्राइवेट वाहन के कारण जाम लगा जाता हैं। जिसमें राहगीरों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। इसी तरह से बाजार तिराहे पर यूनियन बैंक के निकट व बाजार में जाम लगता है। जिसका मुख्य कारण मार्ग की पटरियों पर दुकानदारों का कब्जा व मार्ग किनारे खड़े वाहन बने हुए हैं। इससे जाम की समस्या अक्सर बनी रहती है, लेकिन जिम्मेदार विभाग इस तरफ ध्यान नहीं दे रहा है। जिससे जाम की समस्या समाप्त होने का नाम नहीं ले रही है।

# पटवारियों की मनमानी से राजस्व कार्यों में पेंच

## हल्का पटवारियों की तलाश में भटक रहे किसान

**सीधी।** प्रदेश सरकार द्वारा राजस्व अभियान 3.0 शुरू किया गया है। अभियान के तहत जमीन संबंधित कार्यों का निराकरण होना है। सरकार शहरी और ग्रामीण इलाकों में परंपरागत रास्तों की पहचान कराने का काम कर रही है। ये परंपरागत मार्ग वे हैं जो गांवों में सालों तक पगडंडियां आवागवन के रूप में उपयोग में आते रहे हैं।

अभियान के तहत एक महीने के डेड लाइन तय की गई है। सीधी जिले में भी 15 नवंबर से 15 दिसंबर तक अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत नामांतरण के लिए समय सीमा पार कर चुके विवादित एवं अविवादित मामलों का निराकरण तेजी से कराया जाएगा। नए प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण होना है। साथ ही उत्तराधिकार नामांतरण के अंतर्गत ग्राम के पटवारी से बी-1 का वाचन कराकर ऐसे व्यक्तियों की सूची तैयार की जाएगी जिनकी मृत्यु हो चुकी है। इसके बाद फौती नामांतरण की कार्यवाही होगी। बंटवारे के मामलों में भी तय सीमा पार कर चुके केसों का निराकरण होना है। नए प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण होगा। वहीं भूमि की सीमा नक्से में उपलब्ध होने पर विवादों का निराकरण किया जाएगा। वहीं जानकारों का कहना है कि सीधी जिले में हल्का पटवारियों की मनमानी के चलते अधिकांश कार्यों में पेंच फंसा हुआ है। पटवारियों द्वारा बंटवारा से संबंधित प्रकरणों में सौदेबाजी की जा रही है। यदि विवादित बंटवारा प्रकरण है तो उसमें भी सभी पक्षों की सहमति लेने की बजाय एक ही पक्ष के पक्षकार को मनमाना तौर पर भूमि का बंटवारा करने की साजिशें भी कुछ हल्का पटवारियों द्वारा की जा रही है। इसके लिए लाखों में सुविधा शुल्क की मांग भी शुरू हो चुकी है। जो पक्षकार हल्का पटवारी को मुंह मांगी सुविधा शुल्क देने को राजी हैं उसमें अन्य भू स्वामियों के लिखित आपत्ति लगाने को भी नजर अंदाज किया जा रहा है। इस तरह की शिकायतें काफी संख्या में सामने आ रही हैं। यदि हल्का पटवारियों द्वारा मनमाना तौर पर पुल्ली फांट कर बंटवारा कराया जाता है तो इससे जमीनी विवाद सुलझने की बजाय और भी बढ़ेंगे। अभिलेख दुरुस्ती, सीमांकन के लंबित प्रकरणों का निराकरण, नक्से पर तरमीम, पीएम किसान का सेचुरेशन, फार्मर रजिस्ट्री और



स्वामित्व योजना से जुड़े प्रकरणों का निराकरण भी किया जा रहा है। जिला स्तर से बैठकों में लगातार जोर दिया जा रहा है कि राजस्व अभियान के दौरान ज्यादा से ज्यादा प्रकरणों का निराकरण किया जाए।

देखा यह जा रहा है कि तहसील स्तर पर भी मनमानी तौर पर अपनी उपलब्धि दर्शाने के लिए यह देखने की जरूरत नहीं समझी जा रही है कि मामले विवादित हैं या फिर अविवादित हैं। अभियान की आड़ में जमीन संबंधी विवादों को और भी बढ़ाने का खेल हल्का पटवारियों द्वारा किया जा रहा है। जानकारों का कहना है कि अभियान के दौरान किसानों को लाभान्वित करने के लिए जो कार्य होने चाहिए उनमें भी सुविधा शुल्क का बोलबाला सबसे ज्यादा नजर आ रहा है। अधिकांश कार्यों में हल्का पटवारियों की भूमिका प्रमुख है। उनके द्वारा इसी वजह से मनमानी तौर पर कार्य भी शुरू कर दिए गए हैं। जिले में भूमि विवाद से संबंधित मामले न बढें इसको भी सुनिश्चित कराने का प्रयास होना चाहिए। आंकड़ों की संख्या उपलब्धि में दर्शाने के लिए भूमि विवाद के मामलों को गंभीरता के साथ निराकृत किया जाना चाहिए। तभी अभियान की सफलता सामने आएगी। मनमानी तौर पर यदि प्रकरणों का निराकरण होता है तो यह तहसील से निकलकर अपील में पहुंच जाएंगे।

पुराने बंदोबस्त के भूमि नक्सा गायब होने की खबरें लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। इसी वजह से जिला अधिवक्ता संघ सीधी द्वारा कुछ माह पूर्व कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कुछ गांवों के भूमि नक्सा गायब होने पर कार्यवाही की मांग की गई थी। सुनियोजित तरीके से कुछ गांवों के नक्से गायब करा दिए गए हैं। जिसके चलते कुछ भूमि स्वामियों के बंदोबस्त में हुए त्रुटि के मामलों का सुधार नहीं हो पा रहा है। इसी कड़ी में बहरी तहसील अंतर्गत ग्राम करकचहा सुखदेव का नक्सा भी शामिल है। इस गांव के साथ ही कुछ अन्य गांव के नक्से भी गायब हैं। जिसके चलते बंदोबस्त त्रुटि के चलते कुछ किसानों की भूमि पर सीमावर्ती किसानों का नक्सा मनमानी तौर पर आ गया है। पुराना नक्सा गायब हो जाने से ऐसे मामलों का निराकरण सालों से नहीं हो पा रहा है। इस संबंध में प्रभावित किसान काफी अरसे से आवेदन देकर परेशान हैं। लेकिन उनको कोई राहत नहीं मिल पा रही है। सीएम हेल्पलाईन में भी इस तरह की शिकायत महीनों से दर्ज हैं कि उनके गांव का पुराना नक्सा गायब हो जाने के कारण लोकसेवा गारंटी केंद्र में आवेदन देने के बाद भी नक्सा नहीं मिल पा रहा है। बताया गया है कि जिला अभिलेखागार से कई गांव के नक्से गायब हो चुके हैं। जिसको लेकर संबंधित अधिकारी गंभीर नहीं हैं। उनके द्वारा यह प्रयास नहीं किए जा रहे हैं कि जिन गांवों के पुराने नक्से गायब हैं उनकी व्यवस्था बनाई जाए। जिससे प्रभावित सैकड़ों किसानों की समस्याओं का निराकरण हो सके और उनके रिकार्ड में समूची भूमि का रकवा दर्ज होने के साथ नक्सा भी सही हो सके।

## अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस 3 दिसम्बर को

**सीधी।** अंतराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस प्रत्येक वर्ष 3 दिसम्बर को मनाया जाता है। यह दिन दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकारों और कल्याण के लिये जागरूकता बढ़ाने और समर्थन जुटाने के लिये समर्पित है। दिव्यांग दिवस मनाने का उद्देश्य दिव्यांगता से जुड़े मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाना, दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकारों और कल्याण के लिये समर्थन जुटाना, दिव्यांग व्यक्तियों के प्रति सही व्यवहार करना और सीखना, दिव्यांग व्यक्तियों के लिये उत्थान करना है। कक्षा 9वीं से 12वीं तक अध्ययनरत दिव्यांग विद्यार्थियों के लिये दिनांक 03 दिसम्बर को अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांगता दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक एवं खेल-कूद कार्यक्रम का आयोजन शा.उत्कृष्ट उ.मा.वि. क्रमांक-1 सीधी में समय सुबह 10 बजे से आयोजित होगा जिसमें रंगोली एवं मेहदी प्रतियोगिता, 100 मीटर दौड़, गोला फेक, कुर्सी दौड़, निम्बू दौड़ प्रतियोगिता, गायन एवं नृत्य चुटकुले प्रतियोगिता भाषण, कविता प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, फेंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित की जावेगी।

# स्ट्रीट लाईट लगी नही हो गया लाखों का भुगतान

## फर्जी बिल के नाम पर पंचायतों में हो रहा घोटाला

**सीधी।** जनपद पंचायत सिहावल की ग्राम पंचायत सिहावल में फर्जी बिल के माध्यम से भुगतान करने का मामला प्रकाश में आया है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत सिहावल में रात के समय अंधेरे से बचने के लिए सोलर स्ट्रीट लाईट लगाने हेतु काम दिया गया था स्ट्रीट लाईट का प्रकाश कही दिखा नही और कागज में काम हो गया और इन कामों का भुगतान प्रक्रिया भी पंचायत द्वारा पूरी कर ली गई है। जबकि बिल में किसी प्रकार की जीएसटी नही लगाई गयी है जो कि एक औपचारिक बिल माना जा सकता है और इसी के आधार पर पंचायत के सरपंच, सचिव व रोजगार सहायक मे0 मिश्रा एसोसिएट्स नामक फर्म से सांठ-गांठ करके लाखों के फर्जी भुगतान को स्वीकृति देकर शासन की राशि को डकारने का प्रयास किया गया है। जिसमें करीबन साढ़े पांच लाख रूपये का भुगतान पंचायत क्षेत्र में सोलर स्ट्रीट लाईट लगाने के नाम




पर किया गया है। जबकि जमीनी हकीकत में आज भी पूरी पंचायत क्षेत्र घोर अंधकार में रह रही है।

### जिम्मेदार मौन नही होती कार्यवाही

ग्राम पंचायत सिहावल सहित अन्य ग्राम पंचायतों से भी निर्माण कार्य सहित अन्य कामों के फर्जी बिलों से भुगतान के माध्यम से फर्जीवाड़ा का कार्य जोरो पर चल रहा है। लेकिन जिम्मेदार प्रशासन व अधिकारी जमीनी हकीकत से दूर कागजी हकीकत को सही मानकर इन फर्जीवाडों के मास्टर माइंड पर किसी प्रकार की कार्यवाही नही की जा रही है। जिससे लगातार भ्रष्टाचार करने वालों के हौसले बुलन्द है।

# 68वीं राष्ट्रीय शालेय वुशू प्रतियोगिता के लिए सीधी के खिलाड़ी रवाना



**सीधी।** 68वीं राष्ट्रीय शालेय वूशू प्रतियोगिता अंडर-19 बालकध्बालिका में सीधी जिले के 03 खिलाड़ी भाग लेने के लिए जा रहे हैं, जिनका दिनांक 02 दिसम्बर से 06 दिसम्बर 2024 तक प्री नेशनल कैम्प भिण्ड में लगाया जा रहा है। राष्ट्रीय शालेय वूशू प्रतियोगिता दिनांक 09 दिसम्बर से 15 दिसम्बर 2024 तक दिल्ली में आयोजित होगी। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए सीधी से शालिनी यादव -40 कि.ग्रा. वजन वर्ग में, शिवम कुशवाहा -48 कि.ग्रा. वजन में एवं सन्नी सिंह -60 कि.ग्रा. वजन वर्ग में प्रतिभागिता करेंगे। ये सभी खिलाड़ी पुलिस लाईन वुशू ट्रेनिंग सेंटर सीधी में डॉ. रविन्द्र वर्मा पुलिस अधीक्षक सीधी, अरविन्द श्रीवास्तव अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी) सीधी के मार्गदर्शन में मानिन्द शेर अली खान जिला खेल प्रशिक्षक (वुशू) खेल विभाग सीधी से नियमित प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीधी द्वारा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुये राष्ट्रीय स्तर पर पदक अर्जित करते हुये सीधी जिले का नाम रोशन करने की शुभकामनाओं सहित प्री नेशनल कैम्प के लिए रवाना किया गया।

# नवांकुर संस्था गीतांजलि जन कल्याण समिति द्वारा विश्व एड्स दिवस कार्यक्रम मनाया गया

**सीधी।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद से संबंध नवांकुर संस्था गीतांजलि जन कल्याण समिति जमुआर द्वारा मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक शिवदत्त उर्मलिया के मुख्य आतिथ्य और विकास खंड समन्वयक अनिल पाठक के विशिष्ट आतिथ्य और नवांकुर संस्था गीतांजलि जन कल्याण समिति जमुआर के अध्यक्ष रविशंकर मिश्र और विकासखंड सिहावल के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पतुलखी में संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के सभी परामर्शदाता और बीएसडब्ल्यू, एमएसडब्ल्यू के छात्रों की उपस्थिति में विश्व एड्स दिवस जागरूकता



कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रविशंकर मिश्र द्वारा विश्व एड्स दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का संचालन करते हुए एचआईवी एड्स फैलने के कारण जिसमे असुरक्षित यौन संबंध से, एचआईवी संक्रमित माता से पैदा हुए शिशु में, एचआईवी संक्रमित सिरिंज के प्रयोग से, एचआईवी संक्रमित खून किसी अन्य व्यक्ति के शरीर में चढ़ाने से होता है इसलिए जागरूकता ही बचाव है के विषय में बताया गया। विकास खंड समन्वयक द्वारा छात्रों को फील्ड में अपने प्रायोगिक कार्य करने के साथ ही सभी विभागों के साथ मिलकर जन जागरूकता करने के लिए प्रेरित किया गया और किसी व्यक्ति में एचआईवी के लक्षण जैसे शरीर का वजन कम हो रहा हो, शरीर और जोड़ों में दर्द, बुखार हो तो जांच कराए जांच की सुविधा हर शासकीय स्वास्थ्य संस्थान में उपलब्ध है और जांच के बाद पॉजिटिव आने पर दवा प्राप्त कर नियमित दवा खाने के लिए प्रेरित करना और सुरक्षा के उपाय अपनाने के साथ ही जन जागरूकता फैलाएं। मुख्य अतिथि जिला समन्वयक शिवदत्त उर्मलिया द्वारा बताया गया कि एचआईवी एड्स से शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता में कमी हो जाती है और कोई भी बीमारी जल्दी हो जाती है और जल्दी ठीक भी नही होती जिसके लिए जागरूकता जरूरी है। साथ ही सभी परामर्श दाता और छात्र अपने गांव में बैठक कर जागरूकता कार्यक्रम, बैठक, रैली, आयोजित करे और शासन की सभी जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताए और जरुरत मंद तक पहुंचने में सहयोग करें तभी छात्रों में नेतृत्व का विकास होगा और यही मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम का उद्देश्य है। कार्यक्रम के अंत में परामर्शदाता गोविंद प्रसाद गौतम के द्वारा सभी उपस्थित अतिथियों का आभार और धन्यवाद व्यक्त किया गया। इस कार्यक्रम में परामर्शदाता संदीप नामदेव, ध्रुव कांत द्विवेदी, स्वाती तिवारी, पुष्पराज पटेल, बीएसडब्ल्यू, एमएसडब्ल्यू के छात्र, छात्रा प्रस्फुटन समितियों के सदस्य, सामाजिक कार्यकर्ता शिवबरण पांडे और विद्यालय के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खेलो एम.पी. यूथ गेम्स 2024 की तिथियों में होगा संशोधन

**सीधी।** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं सदस्य सचिव जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी अरविंद श्रीवास्तव ने जानकारी देकर बताया है कि खेलो एम.पी. यूथ गेम्स 2024 का आयोजन ब्लॉक, जिला, संभाग एवं राज्य स्तर पर 05 दिसम्बर से 28 दिसम्बर 2024 तक किये जाने के निर्देश थे। माध्यमिक शिक्षा मण्डल की 10वीं एवं 12वीं की छमाही परीक्षा आयोजित होने के कारण खेलो एमपी यूथ गेम्स 2024 के आयोजन की तिथियों में संशोधन किया जा रहा है, आयोजन की नवीन तिथियों से पृथक से अवगत कराया जावेगा।

# महिला क्रिकेट खेल का हुआ आयोजन

**सीधी।** जिले के इतिहास में पहली बार महिला क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित हुआ वैश्य महासम्मेलन मध्य प्रदेश के निर्देशन में सीधी जिले के महिला इकाई द्वारा दिन शनिवार को छत्रसाल स्टेडियम में सद्भावना मैच का आयोजन कर इतिहास रचा। महिला जिला इकाई सीधी की अध्यक्ष श्रीमती जगदंबा सोनी के अथक प्रयास से यह आयोजन सफल रहा। जहां मुख्य अतिथि के रूप में उप पुलिस अधीक्षक श्रीमती गायत्री तिवारी रही। अध्यक्षता समाजसेवी श्रीमती मीना गुप्ता, विशिष्ट अतिथियों के रूप में सिविल सर्जन श्रीमती दीपा इसरानी, वैश्य महासम्मेलन की प्रदेश महामंत्री भोला प्रसाद गुप्ता, यातायात थाना प्रभारी श्रीमती मोनिका पाण्डेय रहीं। सद्भावना मैच 2 बजे प्रारंभ हुआ। जहां मुख्य अतिथि एवं अतिथियों द्वारा खिलाडियों से परिचय प्राप्त किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा बल्लेबाजी कर खेल का शुभारंभ किया गया। वहीं वैश्य महासम्मेलन महिला जिला अध्यक्ष श्रीमती जगदंबा सोनी की ए टीम एवं पूनम सोनी की बी टीम के बीच सीधा मुकाबला के साथ जबरदस्त खेला गया। महिलाओं में काफी उत्साह दिखा। सभी महिलाएं काफी मेहनत एवं दौड़ भाग कर खेल को अंजाम देते रहीं। बताया जा रहा था कि सलवार सूट के अलावा साड़ी पहनकर भी क्रिकेट में महिलाएं भाग ली थीं। छत्रसाल स्टेडियम में यह मैच महिला सशक्तिकरण का बढ़ावा कहना उचित होगा। ए टीम और बी टीम में काफी रोचक मैच एवं कांटे की टक्कर रही। ए टीम की कप्तान श्रीमती जगदंबा सोनी तीन रन से विजेता हुई एवं बी टीम की कप्तान पूनम सोनी उपविजेता घोषित की गई।

दर्शन दीर्घा में सीधी जिले के क्रिकेट खेल प्रेमी मैच का आनंद लिए। महिलाओं का कहना था कि इसी तरह आयोजन होते रहे तो हम सब लोगों का उत्साहवर्धन होता रहेगा। उक्त टूर्नामेंट में महिला जिला अध्यक्ष जगदंबा सोनी अपने टीम के साथ खुशी का इजहार करते हुए डीजे के धुन खूब थिरंकती रही।

## संयुक्त परामर्श दात्री समिति की बैठक 09 दिसंबर को

**सीधी।** जिला शिक्षा अधिकारी ने जानकारी देकर बताया है कि संयुक्त परामर्श दात्री समिति की बैठक का आयोजन दिनांक 09.12.2024 को सायं 03 बजे से 04 बजे तक जिला शिक्षा अधिकारी कक्ष में आयोजित किया गया है। उन्होंने समस्त मान्यता प्राप्त अधिकारी कर्मचारी संगठन के अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष को उक्त बैठक में नियत तिथि, समय व स्थान में अपने संगठन से संबंधित समस्याओं का एजेण्डा दो प्रतियों के साथ लेकर उपस्थित होने हेतु सूचित किया है।

# प्रि-मिच्योर प्रसव एवं कम वजन होने के कारण हुई नवजात की मृत्यु : सिविल सर्जन

**सीधी।** सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. दीपारानी इसरानी ने दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित खबर की जानकारी देकर बताया है कि गत सप्ताह प्रि-मिच्योर प्रसव एवं कम वजन होने के कारण नवजात की मृत्यु हुई है।

एसएनसीयू में रखकर नवजात की जान बचाने के हर संभव उपाय किए गए किंतु दुर्भाग्यवश उसकी जान नहीं बच पाई। उन्होंने बताया कि प्रसूता गुडिया प्रजापति पति रावेन्द्र प्रजापति निवासी कोहरान टोला वार्ड नं. 14 कोटहा सीधी को दिनांक 28.11.2024 को प्रात: 11 बजे ओ.पी.डी. कक्ष में दिखाकर भर्ती कराया गया, भर्ती के उपरान्त जाँच में पाया गया कि यह उसका चौथा प्रसव और पूर्व में तीन प्रसव होना पाया गया।

साथ ही खून में कमी पाई गई जो लगभग 32 से 34 सप्ताह ए.एन.सी. पाई गई और पेट में पानी ज्यादा होना पाया गया। प्रसूता को भर्ती कर आवश्यक उपचार देने की सलाह दी गई, भर्ती उपरान्त प्रसुता के परिजन को बच्चा कम समय होने और उससे होने वाले खतरे के बारे में जानकारी से लिखित सूचना दी गई। प्रसुता को दिनांक 28.11.2024 को शाम 04:15 बजे प्रसव होना पाया गया जो कि बच्ची का वजन 1300 ग्राम होना पाया गया। बच्चे के फर्श में गिरने की शिकायत निराधार है। नवजात के स्वास्थ्य को देखते हुए उसे तत्काल एसएनसीयू में भर्ती कर आवश्यक उपचार दिया गया। बच्चे की स्थिति गंभीर की सूचना बच्चे के परिजन को सूचित किया गया और बच्चे का निरंतर उपचार किया गया लेकिन बच्चे का कम दिन एवं कम वजन होने के कारण बच्चे को सॉस लेने में तकलीफ थी। गहन उपचार के बाद भी दिनांक 29.11.2024 को रात्रि 09 बजे बच्चे की मृत्यु हो गई।

# नई चेतना 3.0 महिलाओं की खिलाफ हिंसा उन्मूलन के लिए पंचायत स्तर पर कराई जा रही गतिविधियां

**सीधी।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अंशुमन राज के सफल मार्गदर्शन एवं जिला परियोजना प्रबंधक श्री पुष्पेंद्र कुमार सिंह के निर्देशन तथा जिला जेंडर नोडल युवा सलाहकार श्री हरी राम त्रिपाठी, वि.ख.नोडल सहायक जिला प्रबंधक श्री प्रशांत मिश्रा के सहयोग से नई चेतना जेण्डर आधारित हिंसा के विरूद्ध राष्ट्रव्यापी अभियान 3.0 के तहत ग्राम पंचायत गजरी, छूही, दीयाडोल, देवरी, करमाई, धुआडोल में गतिविधियां आयोजित की गई। इस अभियान में रंगोली तथा जेंडर शपथ, रैली का आयोजन, बेटा बेटी में भेद भाव को खत्म करने पर चर्चा, मेंहदी प्रतियोगिता, ग्राम सचिव एवं रोजगार सहायक के साथ अभियान की चर्चा की गई। म. प्र. डे. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ब्लॉक



प्रबंधक चंद्रकांत सिंह एवं गुलाब सागर सीएलएफ नोडल संजीव सिंह गहरवार द्वारा बताया गया कि वास्तव में ये जेंडर अभियान पहल समाज में बहुत अच्छे बदलाव लाने का एक अवसर है जिससे हमारे समाज का एक अच्छा निर्माण भी हो रहा है जो प्रशंसनीय है। इन गतिविधियों के माध्यम से महिला सशक्तिकरण के संदेश का प्रचार प्रसार महिलाओं के बीच किया जाकर महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। समता सखी मंजू सिंह, सुनीता पनिका एवं प्रियंका पनिका द्वारा बताया गया कि मध्यप्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़कर समाज के लिए हमें एक अच्छा कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ जिसका मैं गर्व भी कर रही हूं। समूह से जुड़ी महिलाओं को नई चेतना जेण्डर आधारित हिंसा के विरूद्ध राष्ट्रव्यापी अभियान 3.0 के बारे में बताकर जागरूक करने एवं लोक अधिकार केंद्र तक महिलाओं की पहुंच बनाकर उनके हित लाभ के लिए अथक प्रयास हेतु गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है।

# समाधान दिवस में अधिकतम शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित करायें : सीईओ

**सीधी।** सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण की समीक्षा करते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज ने निर्देशित किया है कि सभी विभाग प्रमुख सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों की नियमित समीक्षा कर संतुष्टि पूर्वक निराकरण कराया जाना सुनिश्चित करेंगे। शिकायतों के निराकरण के लिए अगले बुधवार को समाधान दिवस के रूप में मनाया जाएगा। समाधान दिवस में अधिकतम शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित करने एक सप्ताह में समस्त कार्यवाहियां सुनिश्चित कर लें।

सीईओ जिला पंचायत ने कहा कि सभी विभाग सीएम हेल्पलाइन के शिकायतों के निराकरण के लिए विभागीय व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करें तथा



## समय-सीमा बैठक सम्पन्न

निगरानी तंत्र को व्यवस्थित करें। जिन विभाग प्रमुखों की परफॉर्मेंस डी ग्रेड में है विभाग प्रमुख शिकायतों को स्वयं विशेष रूप से देखकर समय सीमा में संतुष्टिपूर्ण निराकरण दर्ज कराए। विकासखंड स्तर पर एसडीएम सीईओ जनपद तथा संबंधित विभागों के साथ बैठक करके शिकायतों का निराकरण कराना सुनिश्चित करें। सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों को गंभीरता से लें और समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण दर्ज करे। समाधान ऑनलाइन में चयनित विषयों तथा 100 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों को प्राथमिकता पर निराकृत करने के निर्देश दिए गए हैं। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की समीक्षा करते हुए सीईओ जिला पंचायत ने कहा कि भारत सरकार द्वारा इस अभियान को बहुत ही संवेदनशीलता के साथ अनुसूचित जनजाति वर्ग के जीवन स्तर को सुधारने के लिए एवं उनके समग्र विकास के लिए संचालित किया जा रहा है, ताकि सभी जनजातीय बसाहटों में अधो संरचना संबंधी कार्य पूर्ण हो सकें। जिले में उक्त अभियान के तहत 134 गांव चिन्हित किए गए हैं, इसमें सिहावल विकासखंड के 14, सीधी के 48, रामपुर नैकिन के 11, कुसमी के 37 और मझौली के 24 गांव चयनित किए गए हैं। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के जो 18 विभागों की 25 सेवाएं हैं और उनमें जो गैप है उसकी योजना बनाने और समय सीमा में शासन को प्रस्ताव भेजने के संबंध में निर्देशित किया है। उन्होंने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को फील्ड भ्रमण के दौरान मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम की समीक्षा करने तथा फीडबैक पोर्टल पर अनिवार्य रूप से दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा, सिहावल एस.पी. मिश्रा, चुरहट शैलेश द्विवेदी, मझौली आर.पी. त्रिपाठी, डिप्टी कलेक्टर प्रशांत त्रिपाठी, प्रिया पाठक सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। अन्य खण्डस्तरीय अधिकारी वर्चुअल माध्यम से जुड़े रहे।

## संपादकीय

# प्रदूषण की आग से घुट रहीं विकासशील देशों की सांसें

विकासशील देशों में प्रदूषण ने इंसान के सामने कैसी चुनौतियां खड़ी कर दी हैं, यह सब जानते हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस समस्या से लड़ने के लिए बैठकें होती हैं, हर वर्ष नए उपाय बताए जाते हैं। मगर विडंबना है कि इस समस्या की गंभीरता और इसके कारणों के बिल्कुल स्पष्ट होने के बावजूद उससे निपटने के लिए ठोस कदम उठाना जरूरी नहीं समझा जाता। यही वजह है कि अब इस समस्या के बढ़ते दायरे ने व्यापक तबाही के संकेत देने शुरू कर दिए हैं।हालांकि हवा में जहर घुलने से कई तरह की बीमारियों की चपेट में लोगों के आने के तथ्य एक बड़ी चुनौती बनते जा रहे हैं और इस हकीकत से मुंह मोड़ना अब संभव नहीं रह गया है। मगर हाल के वर्षों में जंगलों में लगने वाली आग की वजह से हवा में जो प्रदूषण घुल रहा है, उससे भारी संख्या में लोगों की जान जा रही है। स्वास्थ्य पत्रिका 'द लैंसेट' में प्रकाशित एक अध्ययन में इससे संबंधित जो ब्योरा सामने आया है, वह इसकी गंभीरता को रेखांकित करने के लिए काफी है। गौरतलब है कि जंगलों और घास के मैदानों में लगने वाली आग और प्रदूषण से सांस संबंधी बीमारियों के कारण हर वर्ष लगभग साढ़े चार लाख लोगों की जान चली जाती है। इनमें नब्बे फीसद से ज्यादा मौतें निम्न और मध्यम आयवर्ग वाले देशों में होती है। अध्ययन में आशंका जताई गई है कि जंगल में आग की घटनाओं में बढ़ोतरी के साथ-साथ मरने वालों की संख्या में भी इजाफा होता जाएगा। ऐसी समस्या से निपटने के लिए विकसित देशों की ओर से विकासशील देशों को आर्थिक और तकनीकी मदद उपलब्ध कराने की जरूरत पर जोर दिया जाता रहा है, लेकिन समृद्ध देश हर ऐसे मौके पर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेते हैं। हैरानी की बात है कि विज्ञान और तकनीकी के क्षेत्र में चरम विकास के दौर में भी जंगल में आग की घटनाओं से पार पाना एक चुनौती बनी हुई है। सवाल है कि जब तक इस समस्या पर प्राथमिकता के साथ काम नहीं किया जाएगा, तब तक इसके हल का रास्ता निकालना कैसे संभव होगा!

## संविधान दिवस विशेष

# आखिर क्यों दुनिया में सबसे खास है भारत का संविधान

(जयसिंह रावत)

विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत की शासन व्यवस्था को चलाने वाला संविधान अपने आकार और प्रकार में भी सबसे खास और विशाल है। यह लचीला भी है तो कठोर भी है। लचीलेपन का उदाहरण 1950 से लेकर अब तक इसमें 106 संशोधन होना है। जबकि इसकी कठोरता का उदाहरण यह कि इसमें समय के साथ संशोधन तो किए जा सकते हैं मगर इसकी सार्वभौम, धर्मनिरपेक्ष और समाजवादी गणतंत्र की मूल भावना नहीं बदली जा सकती।

अब तक की सबसे बड़ी सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ 1973 में केशवानन्द भारती बनाम केरल सरकार के फैसले में स्पष्ट कर चुकी है कि भारत की संसद को संविधान संशोधन के व्यापक अधिकार तो हैं मगर असीमित नहीं हैं और वह भी संविधान की मूल भावना को नहीं बदल सकती। मतलब यह कि संसद सर्वोच्च कानून निर्मात्री होने के बावजूद संविधान के तहत ही है।

हमारे संविधान में विविधता और धर्मनिरपेक्षता का सम्मान किया गया है। मौलिक अधिकार, नीति निर्देशक सिद्धांत और सामाजिक न्याय के प्रावधान इसे अद्वितीय बनाते हैं। यह विभिन्न संविधानों से प्रेरणा लेकर भारत की आवश्यकताओं के अनुसार ढाला गया है। अपनी संशोधन क्षमता और सार्वभौमिक मताधिकार की दृष्टि से यह लोकतंत्र की मिसाल है

**विश्व में विशेष है भारत का संविधान :** भारतीय संविधान को अपनी व्यापकता, समावेशिता और ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य के कारण विश्व में विशेष और अनोखा माना जाता है। भारतीय संविधान विश्व का सबसे लंबा लिखित संविधान है। प्रारंभ में इसमें 395 अनुच्छेद थे (अब 470 से अधिक), जिन्हें 25 भागों और 12 अनुसूचियों में विभाजित किया गया। यह शासन, नागरिक अधिकार, नीति निर्देशक सिद्धांत, संघीय ढांचे और प्रक्रियाओं को विस्तार से परिभाषित करता है, जिससे इसकी स्पष्टता और व्यापकता सुनिश्चित होती है।

**संविधान कठोर भी और लचीला भी:** हमारा संविधान जितना कठोर उतना ही लचीला भी। भारतीय संविधान का अनुच्छेद 368 संविधान में संशोधन की प्रक्रिया को परिभाषित करता है। यह अनुच्छेद संसद को संविधान के विभिन्न प्रावधानों में संशोधन करने का अधिकार देता है, लेकिन कुछ शर्तों के साथ। इसका उद्देश्य संविधान को समय और परिस्थितियों के अनुसार लचीला और प्रासंगिक बनाए रखना है।

पिछले 74 सालों में इसमें 106 संशोधन हो चुके हैं। जो समय के साथ बदले परिवेश में शासन की आवश्यकतानुसार




ढल सकता है। लचीलापन इसे समय के साथ बदलती परिस्थितियों के अनुसार अनुकूल बनाता है। इसमें कुछ प्रावधान साधारण बहुमत से भी बदले जा सकते हैं तो कुछ काफी कठिन प्रक्रिया से गुजरते हैं। यह कठोरता इसे स्थिर और मजबूत बनाती है। संविधान में संघीय ढांचे में राज्यों और केंद्र के बीच संतुलन बनाए रखा गया है। संविधान ने मौलिक अधिकारों को सुरक्षित रखने के लिए अदालती समीक्षा की व्यवस्था दी है। इसमें आपातकालीन परिस्थितियों में केंद्र को अधिक शक्ति दी गई है। यह कठोरता और लचीलापन लोकतंत्र की रक्षा करता है। इस दृष्टिकोण से संविधान भारत की विविधता और बदलते समाज के लिए आदर्श बनता है।

**दुनिया के संविधानों के सर्वेच्च गुणों का समावेश:** हमारे संविधान निर्माताओं ने भारत की शासन व्यवस्था को विश्व में सर्वोत्तम बनाने के लिये विश्व की प्रमुख शासन व्यवस्थाओं को संचालित करने वाले बेहतर संविधानों के अच्छे-अच्छे गुण निकाल कर इसमें समाहित किये हें। जैसे संसदीय प्रणाली ब्रिटेन से ली गई है तो मजबूत केंद्र के साथ संघीय ढांचा कनाडा से लिया गया है। मौलिक अधिकारों की सोच अमेरिका के बिल ऑफ राइट्स से तो नीति निर्देशक सिद्धांत आयरलैंड से लिए गए हैं। इन प्रभावों के बावजूद, इसे भारतीय सामाजिक और सांस्कृतिक विविधता के अनुसार ढाला गया।

भारत विश्व का सबसे विविधतापूर्ण देश है, जिसमें भाषाई, सांस्कृतिक, धार्मिक और सामाजिक विविधता को समेटा गया है। भारतीय संविधान ने इस विविधता को संरक्षित करने और हर नागरिक को समानता का अधिकार देने के लिए कई प्रावधान किए हैं। संविधान के अनुसार, भारत में 22 मान्यता प्राप्त भाषाओं को 8वीं अनुसूची में स्थान दिया गया है। विभिन्न राज्यों को उनकी भाषाई और सांस्कृतिक पहचान बनाए रखने का अधिकार दिया गया है। यह संघीय ढांचा सुनिश्चित करता है कि राज्यों को अपनी विशिष्टता का सम्मान करने की स्वतंत्रता मिले।संविधान ने भारत को एक ''धर्मनिरपेक्ष'' राज्य घोषित किया है।

संविधान में हर नागरिक को धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार दिया गया है (अनुच्छेद 25-28)। धर्म के आधार पर भेदभाव निषिद्ध है, और यह सुनिश्चित किया गया है कि किसी व्यक्ति को अपने धर्म का पालन करने और प्रचार करने की स्वतंत्रता हो।अल्पसंख्यकों के शैक्षिक और सांस्कृतिक अधिकारों की रक्षा के लिए अनुच्छेद 29 और 30 का प्रावधान किया गया है। सभी नागरिकों को बिना किसी भेदभाव के समानता का अधिकार (अनुच्छेद 14-18) दिया गया है। जाति, धर्म, लिंग, भाषा या जन्मस्थान के आधार पर किसी भी प्रकार के भेदभाव की सख्त मनाही है। संविधान यह सुनिश्चित करता है कि राज्य और धर्म अलग-अलग रहें।

**व्यापक मौलिक अधिकार:** भारतीय संविधान में मौलिक अधिकार नागरिकों के स्वतंत्रता, समानता और गरिमा की गारंटी प्रदान करते हैं। ये अधिकार संविधान के भाग 3 में अनुच्छेद 12 से 35 तक विस्तृत हैं और लोकतंत्र का मूल आधार हैं। इनमें समानता का अधिकार (अनुच्छेद 14-18) जाति, धर्म, लिंग या जन्मस्थान के आधार पर भेदभाव को समाप्त करता है। स्वतंत्रता का अधिकार (अनुच्छेद 19-22) नागरिकों को अभिव्यक्ति, आंदोलन, पेशा चुनने और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का संरक्षण देता है। शोषण के खिलाफ अधिकार (अनुच्छेद 23-24) बंधुआ मजदूरी और बाल श्रम को प्रतिबंधित करता है।

धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार (अनुच्छेद 25-28) सभी को अपने धर्म का पालन और प्रचार करने की स्वतंत्रता प्रदान करता है। संस्कृति और शिक्षा के अधिकार (अनुच्छेद 29-30) अल्पसंख्यकों को अपनी सांस्कृतिक पहचान और शैक्षिक संस्थान स्थापित करने का अधिकार देते हैं। साथ ही संवैधानिक उपचार का अधिकार (अनुच्छेद 32) नागरिकों को उनके अधिकारों के हनन पर न्यायालय से सीधे अपील करने की अनुमति देता है।

**राज्य के नीति निदेशक तत्व :** राज्य के नीति निदेशक तत्व संविधान के भाग-4 (अनुच्छेद 36-51) में दिए गए हैं। ये तत्व राज्य को नीति निर्धारण और शासन संचालन में मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। हालांकि ये न्यायालय द्वारा प्रवर्तनीय नहीं हैं, लेकिन ये देश को सामाजिक और आर्थिक न्याय, समानता, और कल्याणकारी राज्य की दिशा में अग्रसर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इनमें समाज के कमजोर वर्गों के कल्याण, श्रमिकों के अधिकार, बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार, और आर्थिक समानता जैसे प्रावधान शामिल हैं। इनके अंतर्गत गांधीवादी विचारधारा (स्वराज, ग्राम विकास) और सामाजिक-आर्थिक प्रावधान (मजदूरों की सुरक्षा, समान वेतन) दोनों को शामिल किया गया है। ये तत्व सरकार को यह निर्देश देते हैं कि वे ऐसी नीतियां बनाएँ जो गरीबी उन्मूलन, शिक्षा, और सामाजिक न्याय को बढ़ावा दें, ताकि भारत एक समतावादी और कल्याणकारी राष्ट्र बने।

**एक जीवन्त दस्तावेज है भारत का संविधान:** संविधान भारत का संघीय ढांचा मजबूत केंद्र के साथ राज्यों को स्वायत्तता प्रदान करता है। आपातकालीन परिस्थितियों में यह संघीय प्रणाली इकाईवादी बन जाती है, जो शासन में लचीलापन दिखाती है। हमारा संविधान न्यायपालिका को कानूनों की समीक्षा और उन्हें संवैधानिक सिद्धांतों के अनुरूप बनाए रखने का अधिकार देता है। न्यायपालिका की स्वतंत्रता लोकतंत्र और कानून के शासन को बनाए रखने में अहम भूमिका निभाती है। यह एक जीवंत दस्तावेज है। यह आवश्यकता पड़ने पर संवैधानिक उपचारों का अधिकार संसद को देता है। अनुच्छेद 32 को डॉ. बी.आर. अंबेडकर ने संविधान का ''हृदय और आत्मा'' कहा। यह नागरिकों को मौलिक अधिकारों के प्रवर्तन के लिए सीधे सर्वोच्च न्यायालय में जाने का अधिकार देता है।

# अर्थव्यवस्था -मोदी सरकार को अचानक इस झटके ने दे दी है बड़ी

## अर्थव्यवस्था -मोदी सरकार को अचानक इस झटके ने दे दी है बड़ी टेंशन

(अमित शुक्ला)

भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए ताजा जीडीपी आंकड़े काफी निराशाजनक हैं। मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर में गिरावट और शहरों में खपत में कमी है। ज्यादा महंगाई दर और रुके हुए सरकारी पूंजी निवेश धीमी ग्रोथ के प्रमुख कारण हैं। मोदी सरकार के इकनॉमिक टारगेट्स के लिए यह बड़ा झटका है। सितंबर तमिाही में ग्रोथ महज 5.4 फीसदी रही है।

भारत की अर्थव्यवस्था को झटका लगा है। जुलाई-सितंबर तिमाही में विकास दर घटकर 5.4 प्रतिशत रह गई। यह लगभग दो साल में सबसे धीमी रफ्तार है। इससे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आर्थिक लक्ष्यों पर सवाल उठ रहे हैं। इस सुस्त रफ्तार की मुख्य वजह कमजोर मांग, महंगाई और ग्लोबल अनिश्चितता है। सरकार अभी भी ऊंची विकास दर की बात कर रही है। लेकिन, विशेषज्ञ चिंतित हैं। भारतीय रिजर्व बैंक ने ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया है। इससे कंपनियों और आम लोगों को राहत नहीं मिली है। आने वाले महीनों में थोड़ी रिकवरी की उम्मीद है। लेकिन, चुनौतियां कायम हैं।

भारतीय अर्थव्यवस्था की रफ्तार थम गई है। तिमाही विकास दर (जीडीपी) 5.4 प्रतिशत रही, जो पिछले दो सालों में सबसे कम है। इससे सरकार के विकास के दावों पर सवाल खड़े हो गए हैं। इस सुस्ती के पीछे कई कारण हैं। लोगों की कमाई कम हो रही है। कंपनियों का मुनाफा घट रहा है। महंगाई कम होने का नाम नहीं ले रही है। इन सबका असर आर्थिक गतिविधियों पर पड़ रहा है। आरबीआई ने ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया है। गवर्नर शक्तिकांत दास का कहना है कि महंगाई को देखते हुए अभी ब्याज दरें कम करना 'बहुत जोखिम भरा' होगा।

**किसी ने नहीं की थी ऐसी उम्मीद:** यह निराशाजनक आंकड़ा बीते दिन सांख्यिकी मंत्रालय ने जारी किया। यह 2022 के अंत के बाद से सबसे खराब प्रदर्शन है। आरबीआई के 7 प्रतिशत विकास दर के अनुमान से यह काफी कम है।

ब्लूमबर्ग के किए गए सर्वे में 44 अर्थशास्त्रियों में से किसी ने भी इतनी धीमी आर्थिक वृद्धि का अनुमान नहीं लगाया था। रायटर्स के सर्वे में अर्थशास्त्रियों ने पिछली तिमाही के 6.7 प्रतिशत से मामूली गिरावट के साथ 6.5त्न की ग्रोथ का अनुमान लगाया था।

मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन ने इन आंकड़ों को निराशाजनक बताया है। उन्होंने इसके लिए वैश्विक चुनौतियों को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा, 'मंदी मुख्य रूप से मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर की वजह से है... इसकी एक वजह चीन, जापान और दक्षिण कोरिया से सस्ते स्टील का आयात भी है।'

**तमाम सेक्टरों की रफ्तार थमी:** भारत के विकास का मुख्य इंजन रहा शहरी मध्यवर्गीय उपभोग में तेजी से गिरावट आई है। लोग बिस्कुट और साबुन जैसी जरूरी चीजों से लेकर कार जैसी महंगी चीजों तक हर तरह की खरीदारी कम कर रहे हैं। इसका असर बड़ी कंपनियों की कमाई पर भी दिख रहा है। देश की सबसे बड़ी कार मैन्यूफैक्चरिंग कंपनी मारुति सुजुकी और उपभोक्ता सामान बनाने वाली दिग्गज कंपनी हिंदुस्तान यूनिलीवर के नतीजे कमजोर रहे हैं। कंपनियों ने इसकी वजह शहरी खर्च में कमी को बताया है। कॉरपोरेट भारत की रेवेन्यू ग्रोथ 16 तिमाहियों के निचले स्तर पर पहुंच गई है, जो मांग में कमी को दर्शाता है। अब जीडीपी के आंकड़े भी इस बात की पुष्टि करते हैं।

दूसरी तिमाही में 5.4 प्रतिशत की जीडीपी ग्रोथ उम्मीद से काफी कम है। कई सेक्टरों में नकारात्मक रुझान देखने को मिले। मैन्यूफैक्चरिंग ग्रोथ पिछली तिमाही के 7प्रतिशत से घटकर 2.2प्रतिशत रह गई। खनन उत्पादन में मामूली गिरावट आई, जबकि सेवा क्षेत्र में अच्छी वृद्धि रही, लेकिन यह अनुमान से कम थी। निजी उपभोग व्यय पहली तिमाही के 7.4प्रतिशत से घटकर दूसरी तिमाही में 6प्रतिशत रह गया। यह कमजोर मांग को दर्शाता है, जहां बढ़ती ब्याज दरों और महंगाई ने घरों के बजट पर असर डाला है। निवेश में भी कमी आई है। कारण है कि सरकारी पूंजीगत व्यय (ष्ड्डश्चद्ग×) धीमा हो गया। सकारात्मक पक्ष पर अच्छे मानसून के बाद खरीफ की अच्छी बुवाई से कृषि विकास में तेजी आई।

**कैसे पूरे होंगे पीएम के टारगेट:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए यह सुस्ती 2030 तक भारत को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य के सामने बड़ी चुनौती है। मोदी सरकार ने वैश्विक मंच पर भारत को ऊंची ऊंची विकास वाली अर्थव्यवस्था के रूप में प्रस्तुत किया है। लेकिन, ताजा आंकड़े इस बात पर सवाल उठाते हैं कि क्या यह कहानी बरकरार रह सकती है। यह नरमी बड़ा झटका है। खासकर तब जब रोजगार सृजन अभी भी एक अधूरा वादा है। कमजोर विकास रोजगार बढ़ाने और जीवन स्तर सुधारने के प्रयासों को जटिल बनाता है, जो अहम मुद्दा है। कारण है क देश का शहरी मध्यम वर्ग घटती क्रय शक्ति से जूझ रहा है।

**आगे कैसी है उम्मीद:** वित्त वर्ष 204-25 के दूसरे भाग में रिकवरी की कुछ उम्मीद है। अर्थशास्त्रियों को उम्मीद है कि बेहतर कृषि उत्पादन, बढ़ते सरकारी खर्च और त्योहारों और शादियों के मौसम में खपत में बढ़ोतरी से विकास में मामूली सुधार होगा। एचडीएफसी बैंक ने अपने पूरे साल के जीडीपी विकास दर के अनुमान को 6.8 प्रतिशत से घटाकर 6.5त्न कर दिया है। एचडीएफसी बैंक ने एक नोट में कहा, आगे देखते हुए वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी छमाही में रफ्तार में कुछ तेजी आने की उम्मीद है। तीसरी और चौथी तिमाही में विकास दर 6.5प्रतिशत और 7.0प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान है। इस सुधार के बावजूद हमने अपने पूरे साल के जीडीपी विकास अनुमान को 6.8प्रतिशत से घटाकर 6.5प्रतिशत कर दिया है। इसमें और गिरावट का जोखिम है। मजबूत कृषि प्रदर्शन और सरकारी योजनाओं के भुगतान से ग्रामीण मांग में सुधार और बढ़ते सरकारी खर्च से साल की दूसरी छमाही में आर्थिक गतिविधियों में तेजी आने की उम्मीद है।

बैंक ऑफ बड़ौदा के एक नोट के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी छमाही में तेज सुधार की उम्मीद है। इससे कुल मिलाकर 6.6-6.8त्न की ग्रोथ हो सकती है। यह रिकवरी सरकार और निजी क्षेत्र दोनों के बढ़े हुए पूंजीगत व्यय, मजबूत कृषि विकास और उपभोग व्यय में वृद्धि से समर्थित होने की संभावना है।

हाई-फ्रीक्वेंसी इंडिकेटर जैसे मैन्यूफैक्चरिंग और सेवाओं के लिए परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स , ऑटो बिक्री और हवाई यात्री ट्रैफिक स्थिरीकरण के शुरुआती संकेत देते हैं। हालांकि, वैश्विक अनिश्चितताओं और घरेलू संरचनात्मक चुनौतियों के कारण आगे का रास्ता साफ नहीं है।

## वर्ग पहेली 5570

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | ■ | 4 | 5 | 6 | |
| 7 | | | ■ | 8 | | | ■ |
| | ■ | 9 | 10 | | ■ | 11 | 12 |
| 13 | 14 | ■ | 15 | | 16 | ■ | |
| ■ | 17 | | | ■ | 18 | | |
| 19 | | ■ | 20 | 21 | | ■ | ■ |
| ■ | | | ■ | 24 | | 25 | 26 |
| 27 | | | ■ | | ■ | 28 | |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 11 जुलाई 2003 में यहां दोस्ती बस और दिल्ली से सदा-ए-सरहद का परिचालन हुआ, पाकिस्तान का यह शहर रावी नदी के किनारे बसा है (3)
4. यह हमारा राष्ट्रीय वृक्ष है (4)
7. कोई विलक्षण चीज देखने के लिए एकत्रित जमघट या जनसमूह (3)
8. हम शब्द का संबंध कारक रूप (3)
9. नाम का, नाम धारण करने वाला (3)
11. जूते सुधारने व बनाने वालों का एक औजार (2)
13. दयनीय दशा वाला, गरीब (2)
15. जिसका स्वामी हो, स्वामी सहित (3)
17. भारत की पहली रहस्य प्रधान फिल्म, रनिवास, अंतपुर (3)
18. किसी कार्य का अपनी ओर से किया प्रारंभ (3)
19. अवसर की प्रतीक्षा, घात, आला (2)
20. अपवित्र, अशुद्ध (3)
22. स्वप्न, सपना (2)
24. लंबाई के बल ताने और चौड़ाई के बुने जाने वाले तागे (4)
27. माता सरस्वती का एक नाम, दुर्गा (3)
28. समूह, गुट (2)

**ऊपर से नीचे**

1. युद्ध के लिए सेना की तैयारी (4)
2. पानी का कुंड जो प्रायः बाग-बगीचे में होता है (2)
3. रमण करवाना, अनुरक्त बनाना (3)
4. पथभ्रष्ट होना, भुलावे में आना (4)
5. पार्वती या लक्ष्मी के नामों में से एक (2)
6. गर-गर शब्द करते हुए कुल्ला करना (3)
10. रगड़ते हुए इधर-उधर मलना, उमेठना (3)
12. यह वृक्ष सबसे अधिक ऑक्सीजन देता है (3)
14. जिसने नमक खाया हो, मुलाजिम (5)
16. हाथ से धीरे-धीरे ठोकना (4)
21. पुराणानुसार पृथ्वी के नीचे सात लोकों में से यह लोक सातवां है (3)
23. जो भाग्य में लिखा हो, नियत (2)
25. उपरांत, पीछे, अनंतर (2)
26. लोहे का अर्धचंद्राकार टुकड़ा (2)

### वर्ग पहेली 5569 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चे | त | न | श | र्मा | ■ | य | ■ |
| ता | न | ■ | मी | ■ | क | या | स |
| व | ■ | क | म | ला | प | ति | ■ |
| नी | म | न | ■ | ल | ट | ■ | मौ |
| ■ | ता | क | ना | ■ | वे | य | न |
| गा | धि | ■ | ■ | रौ | श | न | ■ |
| य | का | र | ■ | जा | ■ | प | र |
| क | र | ब | द्ध | ■ | ना | ति | न |

# अहंकार की ऊर्जा

(सुरक्षित गोस्वामी)

अहंकार के आधार पर ही मन के सभी भाव उत्पन्न होते हैं। अहंकार की ऊर्जा जब उर्ध्व गति में बहती है तब व्यक्ति अपने को बड़ा समझने लगता है और जब अधोगति में बहती है तब दुख और डिप्रेशन में घिर जाता है। अहंकार के इन दोनों किनारों के बीच में अनेक अन्य अच्छे-बुरे भाव दौड़ते रहते हैं। इसे ऐसे भी कह सकते हैं कि अहंकार का एक छोर है ऊंचाई की तरफ। इधर खड़ा शख्स खुद को विशेष मानता है। वहीं, गड्ढे की तरफ मौजूद दूसरे छोर पर मौजूद शख्स अपने को दुखी, परेशान और डिपरेसड समझता है। समझने की बात है कि सधा अहंकार सुख और बिखरा अहंकार दुख की तरफ ले जाता है। यदि इस अहंकार को हम मध्यम मार्ग में ला सकें तो बिखरी ऊर्जा व्यवस्थित होकर बहने लगेगी।



अहंकार को साधने का आध्यात्मिक तरीका गुरु के प्रति समर्पित हो जाना है। जैसे-जैसे गुरु के प्रति समर्पण का भाव बढ़ता जाता है, वैसे-वैसे मन की बहती ऊर्जा संतुलित होती जाती है। व्यक्ति स्वयं अपनी बिखरी ऊर्जा को संतुलित नहीं कर पाता। इसके लिए कोई ऐसा चाहिए जिसकी खुद की ऊर्जा संतुलित हो। ऐसा गुण गुरु में ही होता है। उनकी ऊर्जा संतुलित होती है। तो गुरु के प्रति समर्पित होते ही उनकी संतुलित ऊर्जा का संबंध शिष्य की ऊर्जा से होने लगता है। यूं शिष्य की ऊर्जा भी संतुलित हो जाती है। इस स्थिति को पाने के लिए गुरु को अपना सब कुछ समर्पित करना होता है। गुरु को सर्वस्व अर्पित करते ही गुरु तत्व, गुरु कृपा, गुरु ऊर्जा, गुरु स्पर्श और गुरु वाणी, शिष्य के भीतर बहनी आरम्भ हो जाती है। असलियत में गुरु और शिष्य का संबंध शरीर से परे आत्मिक होता है। सुख-दुख के ताने-बाने को मिटाने वाला कोई और नहीं, गुरु ही हैं।

मनोवैज्ञानिक काउंसिलिंग के माध्यम से, आयुर्वेद वात-पित्त-कफ के संतुलन के माध्यम से, नेरोपैथी पांच तत्वों के माध्यम से, योगाभ्यास प्राणायाम और ध्यान के माध्यम से मन के भावों को संतुलित करते हैं। लेकिन, इन सब में सबसे प्राचीन तरीका था गुरु ज्ञान। डिप्रेशन में श्रीराम ने गुरु वशिष्ठ से और अर्जुन ने कृष्ण से ज्ञान प्राप्त कर अपने मन के भावों को उर्ध्व गति दी थी।

# आज का राशिफल

### मेष

आज दिन परेशानियों वाला हो सकता है और आपको कुछ समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। आपको कुछ ऐसा काम करना पड़ सकता है जो कि दूसरे लोगों के लिए परेशानियों से भरा हो सकता है। घर के सदस्य या फिर संतान के किसी व्यवहार से आपको नुकसान हो सकता है। आपको करियर के मामले में बिना सोचे कोई फैसला न करने की सलाह है।

### वृष

आज का दिन सम्मान और सफलता का दिन है। आपकी योजनाएं सफल होंगी। देवस्थान की यात्रा से मन को शांति मिलेगी। कानूनी विवादों में जीत हासिल करेंगे। स्थान परिवर्तन की योजना सफल हो सकती है। दिन के दूसरे हिस्से में तरक्की होगी। आपके काम सफल होंगे, जिससे आत्मविश्वास बढ़ेगा।

### मिथुन

आज दिन रचनात्मकता से भरा है। लंबे समय से रुके कार्य पूर्ण होंगे और आपको भाग्य का साथ मिलेगा। जिससे खुशी मिलेगी। धन में वृद्धि होगी। किस्मत चमकेगी। कारोबार में आगे बढ़ेंगे। आपको वो काम करने का मौका मिलेगा जो आपको सबसे ज़्यादा पसंद है।

### कर्क

आज दिन बहुत ही रचनात्मक है। जो भी काम लगन से करेंगे, उसमें सफलता मिलेगी। अधूरे काम पूरे होंगे। महत्वपूर्ण बातचीत आगे बढ़ पाएंगे और आपके ऑफिस में अच्छा माहौल रहेगा। आपके प्रदर्शन की सराहना होगी और आपको दूसरे जरूरी काम सौंपे जा सकते हैं।

### सिंह

आज दिन व्यस्तता से भरा होगा। अपने काम में लाभ और सम्मान मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सीनियर अधिकारी आपके काम में रुकावट डालने की कोशिश कर सकते हैं। ऐसा कोई काम न करें जिसके पूरा होने में संदेह हो। रात का समय शुभ कार्यों में बीतेगा। लाभ के योग बन रहे हैं।

### कन्या

आज आर्थिक मामलों में सावधानी बरतनी चाहिए और बिना सोचे किसी को पैसे उधार नहीं देने चाहिए। दूसरों की बातों पर ध्यान देने के बजाय अपने काम पर ध्यान दें। घर में किसी शुभ कार्य की चर्चा हो सकती है। भाग्य पर भरोसा रखें। आत्मविश्वास से काम करें। हर फैसला आपके हित में होगा।

### तुला

आज दिन बहुत लाभदायक है। हर काम आपकी योजना के अनुसार पूरा होगा, जिससे खुशी मिलेगी। नए उत्साह के साथ काम करें। कार्य व्यवहार में सुधार करें, तो सीनियर्स से आपको मदद मिलेगी। सभी विवाद सुलझ सकते हैं। नए प्रॉजेक्ट पर काम आरंभ हो सकते हैं। सफलता से लाभ होगा।

### वृश्चिक

आज दिन आर्थिक मामलों में सकारात्मक रहेगा। फंसा हुआ पैसा मिलने से आपके काम पूरे होंगे। परिवार में सुख-शांति और स्थिरता का माहौल रहेगा। नौकरी या व्यापार में कुछ नया करें, तो फायदा होगा। काम में नई जान आएगी। आपके सम्मान में वृद्धि होगी। अपने काम को पूरा करने में आपको भरपूर आनंद प्राप्त होगा।

### धनु

आज बिज़नस में थोड़ा जोखिम उठा सकते हैं, लाभ के योग हैं। रोज़मर्रा के काम से हटकर कुछ नया करें, तो लाभ होगा। किसी अपने के लिए पैसों का इंतज़ाम करना पड़ सकता है। किसी की मदद करनी पड़ सकती है। नया मौका आपके आसपास है, उसे पहचानें। अपने काम पर ध्यान दें। लोग आगे बढ़कर आपकी मदद करेंगे।

### मकर

आज दिन सामान्य है। अपने काम में लाभ होगा। व्यापार में अच्छा मुनाफा होने से खर्च करने का मन करेगा। परिवार के साथ बाहर जा सकते हैं। घरेलू काम भी पूरे करेंगे। शॉपिंग का प्लान बना सकते हैं। बच्चों के संबंध में कोई बड़ा फैसला लेना पड़ सकता है। ईमानदारी और नियमों का पालन करके काम करें, तो लाभ होगा।

### कुंभ

आज हर काम सावधानी से करना चाहिए। खानपान में लापरवाही न करें। किसी से पैसों का लेन-देन न करें, वरना रिश्ते खराब हो सकते हैं। जल्दबाजी में कोई गलती हो सकती है, इसलिए सोच-समझकर काम करें। किसी मामले में निवेश करने से पहले किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह ज़रूर लें, तो लाभ होगा।

### मीन

आज दिन खास रहेगा। कारोबार में जोखिम उठाने का परिणाम अच्छा रहेगा। परेशानियों को धैर्य और मृदु व्यवहार से दूर कर सकते हैं। अपनी बुद्धि का इस्तेमाल करके जो भी काम करेंगे, उसमें सफलता मिलेगी। जिस काम में आपको रुकावट आ रही थी, वह पूरा होगा। किसी की मदद करेंगे तो आपको अच्छा लाभ होगा। आपके सुख में वृद्धि के योग हैं।

## संक्षिप्त समाचार

## उप्र : काशी विश्वनाथ ट्रेन पर पथराव करने वालों की तलाश शुरू



**वाराणसी, एजेंसी।** दिल्ली से वाराणसी जा रही काशी विश्वनाथ ट्रेन पर फतेहगंज पश्चिम के आगे धनेटा हाल्ट के पास शनिवार शाम हुए पथराव में ट्रेन के एक कोच के शीशे टूट गए। हालांकि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। रेलवे पुलिस बल ने पथराव करने वाले लोगों की तलाश शुरू कर दी है। बरेली आरपीएफ के थाना प्रभारी अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि शनिवार को घटी इस घटना की प्राथमिकी रामपुर में दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि इस घटना में एक कोच के शीशे टूटे, हालांकि कोई हताहत नहीं हुआ। सिंह ने बताया कि आरपीएफ ने बरेली जंक्शन से चंदौसी, मुरादाबाद, शाहजहांपुर की ओर रेलवे लाइन के किनारे वाले गांवों में तलाशी अभियान सोमवार से शुरू किया है और जल्द ही पथराव करने वालों की पहचान की जाएगी। उन्होंने बताया कि ट्रेन नंबर 15128 काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस धनेटा हाल्ट पर पहुंची तो कुछ लोग ट्रेन पर पत्थर फेंकने लगे। पत्थर लगने से कोच बी-1 का शीशा चटक गया। पथराव से यात्रियों में दहशत फैल गई।

## कर्नाटक के कुक्के सुब्रह्मण्यम मंदिर में जंगली हाथी के पहुंचने से हड़कंप मच गया



**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक के प्रसिद्ध कुक्के सुब्रह्मण्यम मंदिर परिसर में एक जंगली हाथी के घुस जाने से वहां हड़कंप मच गया। मंदिर सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। मंदिर सूत्रों के अनुसार, रविवार रात मंदिर परिसर और उसके आसपास के क्षेत्र में हाथी को घूमता देख श्रद्धालुओं में दहशत फैल गई। हाथी को देखकर कुछ श्रद्धालुओं ने पहले उसे मंदिर का हाथी समझकर उसकी पूजा करनी शुरू कर दी लेकिन बाद में मंदिर के सेवकों ने उन्हें तुरंत बताया कि यह हाथी मंदिर का नहीं है। सेवकों ने तुरंत श्रद्धालुओं से सुरक्षित स्थान पर जाने का आग्रह किया, जिसके चलते मंदिर में कुछ समय के लिए भय और चिंता का माहौल बन गया। वन विभाग, स्थानीय पुलिस और ग्रामीणों ने प्रयास किए और उन्होंने जंगली हाथी को सफलतापूर्वक जंगल में वापस भेज दिया। प्राधिकारियों ने हाथी के फिर से लौटने की आशंका जताते हुए मंदिर के सेवकों और श्रद्धालुओं को सतर्क रहने की सलाह दी है।

## भाजपा विधायक बसंगौड़ा पाटिल यतनाल को कारण बताओ नोटिस

**बंगलूरू, एजेंसी।** भाजपा ने कर्नाटक के विधायक बसंगौड़ा पाटिल यतनाल को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। उन पर राज्य स्तरीय पार्टी नेतृत्व के खिलाफ टिप्पणी करने के लिए कार्रवाई की तलवार लटक रही है। नोटिस के मुताबिक, राज्य स्तरीय पार्टी नेतृत्व के खिलाफ आपके निरंतर हमले और पार्टी के निर्देशों की अवहेलना की खबरें सामने आ रही हैं। इसके साथ ही आप राजनीतिक और सार्वजनिक महत्व के सभी मामलों पर पार्टी के आधिकारिक रुख के विपरीत सार्वजनिक बयानबाजी भी कर रहे हैं। पार्टी विरोधी रुख अपनाने की खबरें मीडिया के साथ-साथ विभिन्न पार्टी मंचों पर भी आ रही हैं। ऐसे में आप बताएं कि पार्टी आप के खिलाफ कोई सख्त कार्रवाई क्यों न करे?

# यूपी सरकार ने प्रयागराज के महाकुंभ मेला क्षेत्र को नया जिला घोषित किया

## सीमा एवं प्रशासनिक क्षेत्र संपूर्ण विवरण



**लखनऊ, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रयागराज में महाकुंभ क्षेत्र के आसपास एक नया जिला बनाने की घोषणा की है। अधिकारियों के अनुसार, नए स्थापित जिले का आधिकारिक नाम महाकुंभ मेला रखा गया है, जिसे भव्य धार्मिक आयोजन के निर्बाध आयोजन और प्रबंधन को सुनिश्चित करने के लिए बनाया गया है। इसके साथ ही, राज्य में अब 75 के बजाय 76 जिले होंगे। इस कदम का उद्देश्य जनवरी 2025 में होने वाले आगामी कुंभ मेले के लिए प्रशासनिक दक्षता को बढ़ाना और संचालन को सुव्यवस्थित करना है। अधिकारियों का मानना है कि यह रणनीतिक कदम बेहतर समन्वय और प्रशासन की सुविधा प्रदान करेगा जो तीर्थयात्रियों के साथ-साथ हितधारकों के अनुभव को बढ़ाएगा। महाकुम्भ मेला जनपद/मेला क्षेत्र में मेलाधिकारी, कुम्भ मेला, प्रयागराज को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा-14(1) एवं अन्य सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत कार्यपालक मजिस्ट्रेट, जिला मजिस्ट्रेट एवं अपर जिला मजिस्ट्रेट की शक्तियां प्राप्त होंगी। उक्त संहिता या वर्तमान में प्रवृत्त किसी अन्य विधि के अधीन जिला मजिस्ट्रेट की समस्त शक्तियां तथा सभी श्रेणी के मामलों में कलेक्टर की समस्त शक्तियों का प्रयोग करने तथा उक्त जिले में अपर कलेक्टर की नियुक्ति करके उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता, 2006 (उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता (संशोधन) अधिनियम, 2016 (उप्र अधिनियम संख्या 4, 2016) द्वारा यथा संशोधित) की धारा-12 एवं अन्य सुसंगत धाराओं के अधीन कलेक्टर के समस्त कृत्यों का पालन करने का अधिकार होगा।

### महाकुंभ मेला 2025 के बारे में

कुंभ मेला हर 3 साल, अर्ध कुंभ मेला हर 6 साल और महाकुंभ मेला हर 12 साल पर आयोजित किया जाता है। आखिरी महाकुंभ मेला साल 2013 में आयोजित किया गया था। इसके बाद 2019 में अर्ध कुंभ मेला आयोजित किया गया था। अब महाकुंभ मेला साल 2025 में आयोजित होने जा रहा है और यह भव्य होने वाला है। महाकुंभ मेला 2025 का आयोजन उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में 29 जनवरी 2025 को सिद्धि योग में होने जा रहा है। महाकुंभ 13 जनवरी से 26 फरवरी तक चलने वाला है।

### महाकुंभ 2025 के लिए यूपी सरकार सभी मुख्यमंत्रियों को आमंत्रित करेगी

उत्तर प्रदेश सरकार जनवरी 2025 से प्रयागराज में शुरू होने वाले महाकुंभ के लिए देश भर के राज्यपालों और मुख्यमंत्रियों को आमंत्रित करने के लिए मंत्रियों को भेजेगी। 29 नवंबर को लखनऊ में अपने लोक भवन कार्यालय में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा बुलाई गई मंत्रियों की बैठक में यह निर्णय लिया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता वाली यूपी कैबिनेट ने महाकुंभ को बढ़ावा देने के लिए भारत और विदेशों में रोड शो और कार्यक्रम आयोजित करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी है, जिसके बारे में यूपी सरकार के अधिकारियों ने कहा कि इसमें दुनिया भर से रिकॉर्ड संख्या में श्रद्धालु आएंगे।

## महाराष्ट्र विधानसभाः जितेंद्र अव्हाड होंगे विधायक दल नेता?



**मुंबई, एजेंसी।** शरद पवार नीत राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार)ने रविवार को पार्टी विधायक जितेंद्र अव्हाड को महाराष्ट्र विधानसभा में पार्टी विधायक दल का नेता नामित किया। राकांपा (एसपी) प्रदेश अध्यक्ष जयंत पाटिल ने कहा कि पहली बार निर्वाचित विधायक रोहित पाटिल को पार्टी का मुख्य सचेतक नियुक्त किया गया है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, ''हमने जितेंद्र अव्हाड को विधायक दल का नेता नामित किया है, क्योंकि नवनिर्वाचित विधायकों की पार्टी बैठक में विधान परिषद के सदस्य मौजूद नहीं थे।'' राकांपा (एसपी) ने हाल में संपन्न महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में 86 सीट पर लड़ा था लेकिन 10 सीट ही जीत पाई थी। इन दस विधायकों में से एक संदीप क्षीरसागर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के कारण बैठक में शामिल नहीं हुए। पूर्व मंत्री आव्हाड ठाणे जिले के मुंब्रा-कलवा विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। नवनिर्वाचित विधायकों की बैठक में राकांपा(एसपी) अध्यक्ष शरद पवार और कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले भी मौजूद थीं। बता दें कि राकांपा (एसपी) ने हाल में हुए महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में 86 सीट पर प्रत्याशी उतारे थे, लेकिन उसे सिर्फ 10 सीट जीतने में सफलता मिल सकी. इन दस विधायकों में से एक संदीप क्षीरसागर पूर्व पहले से तय कार्यक्रम की वजह से बैठक में नहीं शामिल हुए.

पूर्व मंत्री जितेंद्र अव्हाड ठाणे जिले के मुंब्रा-कलवा विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं. पार्टी के नवनिर्वाचित विधायकों की बैठक में राकांपा (एसपी) अध्यक्ष शरद पवार के अलावा कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले भी उपस्थित थीं. महाराष्ट्र की 288 विधानसभा सीटों में से महायुति 228, महाविकास आघाडी 47 और अन्य 13 सीटें जीतने में सफल रही थी. महायुति में बीजेपी ने जहां 132 सीटें जीतीं थी. वहीं मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में पहला विधानसभा चुनाव लड़ रही शिवसेना ने 55 सीटें और अजित पवार की एनसीपी ने 41 सीटों पर जीत दर्ज की थी.

## भूमि जोत सीमा कानून में संशोधन के लिए पेश किया जाएगा विधेयक : मुख्यमंत्री सुक्खू

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर जिले में धर्मार्थ अस्पताल बंद किए जाने पर लोगों के प्रदर्शनों का सामना कर रही राज्य सरकार विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पहले दिन ''हिमाचल प्रदेश भूमि जोत सीमा अधिनियम'' में संशोधन करने के वास्ते एक विधेयक पेश करेगी। हिमाचल प्रदेश विधानसभा का शीतकालीन सत्र 18 दिसंबर से शुरू हो रहा है। यहां रविवार को जारी किए गए बयान में कहा गया कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने राधा स्वामी सत्संग ब्यास (आरएसएसबी) द्वारा बोथा में संचालित अस्पताल को बंद करने के मुद्दे पर रविवार को एक उच्च स्तरीय बैठक की, जिसके दौरान विधेयक पेश करने का फैसला लिया गया। बयान के अनुसार, सुक्खू ने अधिकारियों को संशोधन विधेयक का मसौदा तुरंत तैयार करने और मंत्रिमंडल की आगामी बैठक में इसे पेश करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है कि अस्पताल खुला रहे ताकि लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मिलती रहें। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने राधा स्वामी सत्संग ब्यास को राहत प्रदान करने के लिए शुरू में अध्यादेश लाने पर विचार किया था, लेकिन विधानसभा सत्र नजदीक है, इसलिए संशोधन विधेयक पेश करना ज्यादा बेहतर होगा। आरएसएसबी इस अस्पताल को महाराज जगत सिंह मेडिकल रिलीफ सोसाइटी को हस्तांतरित करना चाहता है क्योंकि वह इसे अपना सहयोगी संगठन मानता है।

## जम्मू-कश्मीर में पीएमजीएसवाई के तहत लगभग 3,500 सड़क परियोजनाएं हुई पूरी

**जम्मू, एजेंसी।** जम्मू और कश्मीर में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के तहत पिछले दो दशकों में करीब 3,500 परियोजनाएं पूरी की जा चुकी हैं जिनमें 217 पुलों का निर्माण भी शामिल है। यह जानकारी रविवार को ग्रामीण विकास मंत्रालय के संयुक्त सचिव अमित शुक्ला की अध्यक्षता में हुई बैठक में दी गई। बैठक में जम्मू-कश्मीर में पीएमजीएसवाई की कार्यान्वयन स्थिति की व्यापक समीक्षा की गई।

**पीएमजीएसवाई का उद्देश्य और शुरुआत :** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) 2001-02 में शुरू की गई थी। इसका मुख्य उद्देश्य 250 से अधिक आबादी वाले ग्रामीण क्षेत्रों में सभी मौसम में संपर्क प्रदान करना था ताकि दूर-दराज़ और असंबद्ध बस्तियों को मुख्य सड़कों से जोड़ा जा सके।

अधिकारियों के अनुसार पीएमजीएसवाई के तहत अब तक जम्मू और कश्मीर में 305 पुलों सहित कुल 3,742 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है जिनकी कुल सड़क लंबाई 20,801 किलोमीटर है। इसके अलावा 2,140 बस्तियों को सड़क कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए मंजूरी दी गई थी जो 2001 की जनगणना में 250 से अधिक आबादी वाली थी। अब तक 217 पुलों सहित 3,429 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं और 2,140 में से 2,129 बस्तियों को जोड़ दिया गया है। इस परियोजना के तहत 12,650 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं।



**ग्रामीण कनेक्टिविटी पर जोर :** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत जम्मू और कश्मीर में पिछले 5 वर्षों में विशेष ध्यान दिया गया है जिससे दूरदराज़ और पहाड़ी क्षेत्रों में ग्रामीण कनेक्टिविटी को बढ़ावा मिला है। अधिकारियों का कहना है कि यह सभी परियोजनाएं सबका साथ, सबका विकास के सिद्धांत के अनुरूप हैं। बैठक में यह भी बताया गया कि कनेक्टिविटी में इस वृद्धि के परिणामस्वरूप स्थानीय लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है जिससे उनके दैनिक जीवन में सहूलत मिली है और उनके लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यापार तक पहुंच आसान हो गई है।

**क्वालिटी और समयसीमा पर जोर :** संयुक्त सचिव अमित शुक्ला ने परियोजनाओं की समयसीमा को पूरा करने के साथ-साथ गुणवत्ता मानकों का पालन करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि टिकाऊ और सुरक्षित बुनियादी ढांचे का निर्माण करना जरूरी है ताकि यह लंबे समय तक लोगों की सेवा कर सके। इसके लिए उन्होंने दैनिक निगरानी तंत्र की आवश्यकता पर बल दिया ताकि किसी भी समस्या का तुरंत समाधान किया जा सके।

**जम्मू क्षेत्र में जमीनी समीक्षा :** इससे पहले शनिवार को अमित शुक्ला ने जम्मू क्षेत्र में पीएमजीएसवाई के तहत महत्वपूर्ण सड़क और पुल निर्माण परियोजनाओं की जमीनी समीक्षा की। उन्होंने कलस कुल्लियां से चक हरनी रोड और जगती बाम्याल रोड पर चल रहे पुल निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। बता दें कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना ने जम्मू और कश्मीर में ग्रामीण कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पिछले दो दशकों में 3,500 परियोजनाओं का पूरा होना खासकर 217 पुलों का निर्माण यह साबित करता है कि केंद्र सरकार का लक्ष्य दूर-दराज के क्षेत्रों को मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। इस योजना से जम्मू-कश्मीर के लोगों को एक बेहतर और सुरक्षित परिवहन व्यवस्था मिली है।

## अवध ओझा आप में हो सकते हैं शामिल, दिल्ली से चुनाव लड़ने की अटकलें

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग देने वाले अवध ओझा आम आदमी पार्टी (आप) में शामिल हो सकते हैं। अटकलें हैं कि वह दिल्ली विधानसभा का चुनाव भी लड़ सकते हैं। एक टीवी रिपोट में कहा गया है कि आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल से उनकी मुलाकात हो चुकी है और उनकी सीट तक फाइनल हो चुकी है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, अवध ओझा सोमवार को आम आदमी पार्टी की सदस्यता ग्रहण करेंगे। जनवरी-फरवरी में होने जा रहे दिल्ली विधानसभा चुनाव में उनका टिकट भी फाइनल बताया जा रहा है। उत्तर प्रदेश के गोंडा के रहने वाले अवध ओझा को लेकर यह भी अटकलें थी कि वह लोकसभा का चुनाव लड़ सकते हैं। खबरें आई थीं कि वह प्रयागराज से लोकसभा का टिकट पाने के लिए भारतीय जनता पार्टी के संपर्क में थे। लेकिन तब बात फाइनल नहीं हो पाई थी। ओझा सर के नाम से मशहूर अवध एक टीचर के साथ मोटिवेशनल स्पीकर भी हैं। सोशल मीडिया और युवाओं के बीच उनकी अच्छी लोकप्रियता को देखते हुए आम आदमी पार्टी को उम्मीद है कि उनके जुड़ने से चुनाव में पार्टी को फायदा मिल सकता है। अवध ओझा कुछ मौकों पर अरविंद केजरीवाल की तारीफ भी कर चुके हैं। दिल्ली में लगातार 10 सालों तक सरकार चलाने के बाद चुनाव में उतरने जा रही आम आदमी पार्टी इस बार कई ऐसे विधायकों का टिकट काट सकती है, जिनका फीडबैक ठीक है। पार्टी ने 11 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी की थी। इनमें तीन मौजूदा विधायकों के टिकट काट दिए गए हैं।



## कर्नाटक: हासन में सड़क दुर्घटना में प्रोबेशनरी आईपीएस अधिकारी की मौत



**हासन, एजेंसी।** कर्नाटक के हासन जिले में रविवार को एक सड़क दुर्घटना में एक प्रोबेशनरी आईपीएस अधिकारी की मौत हो गई. पुलिस ने बताया कि मृतक अधिकारी की पहचान हर्षवर्धन के रूप में हुई है. पुलिस के अनुसार हर्षवर्धन ने प्रशिक्षण पूरा कर लिया था और सोमवार को हसन शहर में पुलिस उपाधीक्षक के रूप में कार्यभार संभालने वाले थे. दुर्घटना उस समय हुई जब वह पुलिस ड्यूटी पर रिपोर्ट करने के लिए हासन जा रहे थे.

प्रारंभिक जांच में पता चला है कि यात्रा के दौरान जिला सशस्त्र रिजर्व में तैनात सरकारी वाहन के टायर फट गए और कार पलट गई. पुलिस अधिकारी के सिर में गंभीर चोटें आईं और उनकी मौत हो गई. घटना में ड्राइवर मंजे गौड़ा को भी चोटें आई. वाहन होलेनरसिपुरा कस्बे से हासन शहर की ओर जा रहा था. हासन शहर के पास स्थित किट्टानेगडी गांव में पुलिस अधिकारी के वाहन का टायर फट गया. हालांकि स्थानीय लोगों ने पुलिस अधिकारी को एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचाया, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका. हर्षवर्धन ने मैसूर में कर्नाटक पुलिस अकादमी में प्रशिक्षण पूरा कर लिया था. वह पुलिस महानिरीक्षक (सेंट्रल रेंज) बोरलिंगैया को रिपोर्ट कर रहे थे और हासन जा रहे थे. हर्षवर्धन का परिवार मध्य प्रदेश के रीवा जिले में रहता है. उन्होंने इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल की थी और 2022-23 कर्नाटक कैडर बैच के आईपीएस अधिकारी थे. हासन के पुलिस अधीक्षक मोहम्मद सुजीत और सहायक पुलिस अधीक्षक वेंकटेश नायडू ने अस्पताल का दौरा किया. आईजीपी बोरलिंगैया ने भी हर्षवर्धन को श्रद्धांजलि अर्पित की और घटना के बारे में जानकारी भी जुटाई.




## कोलकाता में हर दुकान के बाहर लगाना होगा बंगाली भाषा में साइन बोर्ड, नगर निगम का आदेश, डेडलाइन जारी

**कोलकाता, एजेंसी।** कोलकाता नगर निगम (केएमसी) ने एक आदेश जारी किया है, जिसके तहत शहर में मौजूद हर प्रतिष्ठान और दुकान को अन्य भाषाओं के साथ साइन बोर्ड पर बंगाली भाषा का भी इस्तेमाल करना जरूरी होगा। नगर निगम ने 21 फरवरी 2025 तक की डेडलाइन भी तय कर दी है और इस तारीख से पहले हर दुकान और प्रतिष्ठान पर बंगाली भाषा में साइनबोर्ड लगाना जरूरी होगा।

**बंगाली भाषा को प्राथमिकता देने की तैयारी :** नगर सचिव स्वप्न कुंडू ने बताया कि नगर निगम, दुकानों, रेस्तरां और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के मालिकों के संपर्क में है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि दुकानों के नाम और अन्य जानकारी किसी अन्य भाषा के अलावा बंगाली में भी लिखी जाए। अक्टूबर में तृणमूल कांग्रेस पार्षद बिस्वरूप डे ने कोलकाता नगर निगम के सत्र में कहा था कि सार्वजनिक और निजी कार्यालयों में सभी साइनबोर्ड में अन्य भाषाओं के अलावा बंगाली भाषा का भी इस्तेमाल सुनिश्चित होना चाहिए और साथ ही नगर निगम की सभी अधिसूचनाएं, पत्र और दस्तावेज भी बंगाली भाषा में प्रकाशित होने चाहिए।

**केंद्र सरकार के फैसले के बाद आया ये प्रस्ताव :** कोलकाता नगर निगम का यह प्रस्ताव ऐसे समय सामने आया है, जब बीते दिनों केंद्र सरकार ने असमिया, मराठी, पाली और प्राकृत के साथ बंगाली को भी शास्त्रीय भाषा का दर्जा देने का फैसला किया था। कोलकाता के मेयर फिरहाद हकीम ने भी पूर्व में निजी विज्ञापन एजेंसियों और दुकानदारों से अपने-अपने साइनबोर्ड्स में बंगाली भाषा का इस्तेमाल करने का आग्रह किया था। हकीम ने कहा था, मैं बैनर, साइनबोर्ड और संचार के ऐसे साधनों में हिंदी, अंग्रेजी या अन्य भाषाओं के इस्तेमाल के खिलाफ नहीं हूं, लेकिन, अन्य भाषाओं के साथ बंगाली भाषा का भी इस्तेमाल होना चाहिए। गौरतलब है कि कोलकाता नगर निगम द्वारा 2007 में भी इसी तरह का कदम उठाया था और तत्कालीन मेयर विकास रंजन भट्टाचार्य ने दुकान मालिकों को साइनबोर्ड में अन्य भाषाओं के साथ बंगाली का उपयोग अनिवार्य करने के लिए नोटिस जारी किए थे, लेकिन इस आदेश पर अमल नहीं हो पाया।

# आजादी के 78 साल बाद छत्तीसगढ़ के छुटवाही गांव में पहुंची बिजली



**बीजापुर, एजेंसी।** भारत को आजाद हुए 78 साल बीत चुके हैं। मगर अब भी कुछ जगह ऐसी हैं जहां बिजली नहीं पहुंच पाई है। ऐसा ही एक गांव छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में स्थित छुटवाही था। जहां गुरुवार को बिजली पहुंची है। एक साल पहले तक सड़क से गांव तक नहीं पहुंचा जा सकता था और इसपर माओवादियों का कब्जे था।

यह गांव बीजापुर मुख्यालय से लगभग 50 किलोमीटर दूर है। दो महीने पहले, सुरक्षा बलों द्वारा माओवादियों को इलाके से खदेड़ने के लिए नक्सल विरोधी अभियान चलाया गया। कई मुठभेड़ों के बाद यहां एक सुरक्षा शिविर स्थापित किया गया था। रिपोर्ट के अनुसार, बीजापुर कलेक्टर संबित मिश्रा ने कहा, आजादी के बाद पहली बार हम ग्रामीणों को बिजली उपलब्ध कराने में सक्षम हुए हैं क्योंकि बीजापुर में नए सुरक्षा शिविर बनने से हम इन क्षेत्रों तक पहुंच पा रहे हैं। हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता नए सुरक्षा शिविरों के खुलते ही बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना और गांवों तक पहुंच बनाना है।

अगले साल तक हम उन्हें रोड कनेक्टिविटी प्रदान करने की कोशिश करेंगे। मिश्रा ने कहा, नियाद नेल्लनार योजना के तहत बिजली के अलावा, हम उन्हें जल जीवन मिशन, मोबाइल टावर, स्कूल, आंगनवाड़ी और सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत पानी की आपूर्ति प्रदान कर रहे हैं। एक अधिकारी के अनुसार, बीजापुर के 100 से ज्यादा गांवों में अभी भी बिजली कनेक्शन नहीं है। अधिकारी ने कहा कि जैसे-जैसे सुरक्षा बल आगे बढ़ेंगे और गांवों को माओवादियों से मुक्त कराएंगे, प्रशासन वहां के लोगों को बिजली के साथ ही केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के तहत अन्य लाभ देगा।

इस साल छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों ने 210 माओवादियों को मार गिराया है। राज्य गठन के बाद से एक साल में माओवादियों को हुई यह सबसे बड़ी क्षति है। इसी अवधि के दौरान, राज्य के बस्तर क्षेत्र में माओवादी हिंसा में 17 सुरक्षाकर्मी और 62 नागरिक मारे गए, जिसमें बीजापुर सहित सात जिले शामिल हैं।

## वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप:
# गुकेश और लिरेन का छठा मैच बराबर रहा

**फाइनल में लगातार तीसरा मुकाबला ड्रॉ, फाइनल स्कोर 3-3 से बराबर**

**सिंगापुर, एजेंसी।** भारतीय ग्रैंड मास्टर डी गुकेश और विश्व चैंपियन डिंग लिरेन के बीच सिंगापुर में खेले जा रही वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप फाइनल का छठा मुकाबला बराबरी पर रहा। दोनों ने लगातार तीसरा ड्रॉ मैच खेला है। इससे पहले चौथा, पांचवां मैच भी बराबरी पर छूटा था। 14 मैचों के फाइनल में अब तक चार मैच ड्रॉ हो चुके हैं। रविवार को खेले गए ड्रॉ मैच के बाद दोनों प्लेयर्स के पास 3-3 अंक हैं। उन्हें चैंपियनशिप जीतने के लिए और 4.5 अंक चाहिए। पहले 7.5 अंक तक पहुंचाने वाला इसे जीत लेगा और वर्ल्ड चैंपियन का टाइटल हासिल कर लेगा।

18 साल के गुकेश ने 46 चालों के बाद लिरेन को ड्रॉ के लिए मजबूर किया। 32 साल के लिरेन ने पहली बाजी अपने नाम की थी, जबकि गुकेश तीसरी बाजी को जीतने में सफल रहे थे।




फाइनल स्कोर 3-3 की बराबरी पर इस ड्रॉ के बाद गुकेश और लिरेन के बीच का फाइनल स्कोर 3-3 की बराबरी पर है। इस मुकाबले से दोनों खिलाड़ियों को 0.5-0.5 अंक मिले। बता दें चेस में एक मैच जीतने पर एक अंक मिलते हैं, जबकि ड्रॉ मुकाबले में दोनों खिलाड़ियों को 0.5-0.5 अंक दिए जाते हैं। अब तक दोनों प्लेयर्स एक-एक मुकाबले ही जीत सके हैं। पहले 7.5 अंक हासिल करने वाला चैंपियन बनेगा वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप फाइनल में गुकेश और लिरेन के बीच 14 गेम खेले जाएंगे। यह 12 दिसंबर तक चलेगा। फाइनल स्कोर बराबर रहने पर ट्राईब्रेकर मुकाबला खेला जाएगा, जो 13 दिसंबर को होगा। वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप के इतिहास में पहली बार ऐसा है कि दो एशियाई खिलाड़ी वर्ल्ड चैंपियन बनने के लिए एक-दूसरे से भिड़ रहे हैं। कौन हैं डी गुकेश डी गुकेश का पूरा नाम डोमाराजू गुकेश है और वे चेन्नई के रहने वाले हैं। गुकेश का जन्म चेन्नई में 7 मई 2006 को हुआ था। उन्होंने 7 साल की उम्र में ही शतरंज खेलना शुरू कर दिया था। उन्हें शुरू में भास्कर नागैया ने कोचिंग दी थी।

नागैया इंटरनेशनल स्तर के चेस खिलाड़ी रहे हैं और चेन्नई में चेस के होम ट्यूटर हैं। इसके बाद विश्वनाथन आनंद ने गुकेश को खेल की जानकारी देने के साथ कोचिंग दी। गुकेश के पिता डॉक्टर हैं और मां पेशे से माइक्रोबायोलोजिस्ट हैं।

## ड्रेसिंग रूम में दरार की बात अफवाह, हम एडिलेड में बुमराह की चुनौती के लिए तैयार: हेड



**एडिलेड, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ट्रेविस हेड ने भारत के खिलाफ 6 दिसंबर से शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट मैच की तैयारियों के बीच परेशानियों से जूझ रही ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजी लाइनअप और उनके मजबूत गेंदबाजी आक्रमण के बीच तनाव की अटकलों को खारिज कर दिया है।

उन्होंने टीम के प्रदर्शन और उन पिछले उदाहरणों की ओर इशारा किया, जहां टीम ने मुश्किल परिस्थितियों पर काबू पाया।

हेड ने सोमवार को एडिलेड में द ऑस्ट्रेलियन के हवाले से कहा, (अन्य बल्लेबाज) बल्लेबाजी टिप्स के लिए मेरे पास नहीं आ रहे हैं, यह पक्का है। हर कोई अलग-अलग तरीकों से इसे करता है... हम सभी एक-दूसरे का समर्थन कर रहे हैं... हम अगले तीन या चार दिनों में इस बारे में बात करेंगे। पिछले तीन या चार सालों में हमने जो भी कम खेला है, हमने अच्छा खेला है। उन्होंने कहा, पिछले साल हमारे सामने कुछ चुनौतीपूर्ण समय और कुछ चुनौतीपूर्ण टेस्ट मैच आए, जिनसे हम बाहर निकलने में सफल रहे... यह एक ऐसा समूह है जो अच्छी तरह से संतुलित है और जानता है कि वह कहां है। हमारा सप्ताह बहुत अच्छा नहीं रहा। यह ठीक है। लेकिन हमारे पास ऐसा करने के लिए चार और अवसर हैं, हम आगे भी ऐसा ही करेंगे, जैसा कि हमने पिछले कुछ वर्षों में किया है। एक टीम के रूप में हम कुछ समय के लिए अच्छे रहे हैं, हमारे पास एक बुरा सप्ताह था। पिछले कुछ वर्षों में, ऐसी कई टीमें हैं जो पहला टेस्ट हार गई या सीरीज में पिछड़ गई और फिर वापसी करते हुए वास्तव में अच्छा खेला। हेड ने कहा, जसप्रीत को शायद सबसे महान तेज गेंदबाजों में से एक के रूप में जाना जाएगा। मुझे लगता है कि हम इस समय यह महसूस कर रहे हैं कि वह कितने चुनौतीपूर्ण हो सकते हैं, और उनके खिलाफ खेलना अच्छा है। अपने करियर को देखना और अपनी अगली पीढ़ी को यह बताना अच्छा होगा कि आपने उनका सामना किया है।

## उम्मीद है कि एक दिन मैं बुमराह का सामना कर पाऊंगा: भारत के खिलाफ शतक लगाकर बोले कोंस्टास



**नई दिल्ली, एजेंसी।** 19 वर्षीय ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर सैम कोंस्टास ने पिंक बॉल वार्म-अप मैच में शतक जड़कर सबको प्रभावित किया। भारत के खिलाफ प्रधानमंत्री एकादश की ओर से खेलते हुए उन्होंने मजबूत गेंदबाजी आक्रमण के खिलाफ अपनी क्षमता का परिचय दिया।

कोंस्टास ने 97 गेंदों पर 107 रनों की पारी खेली जिसमें 14 चौके और एक छक्का शामिल था। उनकी आक्रामक लेकिन संयमित बल्लेबाजी शैली ने ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष क्रम की चिंताओं को दूर किया। मैच के बाद उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि वह एक दिन जसप्रीत बुमराह का सामना कर पाएंगे। उन्होंने भारतीय तेज गेंदबाजों मोहम्मद सिराज और आकाश दीप का आत्मविश्वास से सामना किया। कोंस्टास ने रिवर्स रैंप शॉट सहित अभिनव स्ट्रोकप्ले का प्रदर्शन किया। हालांकि उन्हें जसप्रीत बुमराह का सामना करने का मौका नहीं मिला, जिन्हें आराम दिया गया था। कोंस्टास ने भविष्य में बुमराह का सामना करने की इच्छा व्यक्त की। उन्होंने कहा, मैं काफी कुछ देख रहा था। बुमराह एक कुशल खिलाड़ी हैं, जाहिर है, और शायद दुनिया में सबसे अच्छे हैं।

उम्मीद है कि एक दिन मैं उनका सामना कर पाऊंगा और देख पाऊंगा कि हम कैसे खेलते हैं। मुझे [अपने खेल में] आत्मविश्वास महसूस होता है। मैं वास्तव में कड़ी मेहनत कर रहा हूं और यह सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के खिलाफ खेलने का एक शानदार अवसर है।

कोंस्टास की क्रिकेट यात्रा तेजी से आगे बढ़ी है। वह 2024 अंडर 19 विश्व कप जीतने वाली टीम का हिस्सा थे। इसके बाद उन्होंने न्यू साउथ वेल्स के लिए शेफील्ड शील्ड में शानदार शुरुआत की। उनके हालिया शतक ने उनकी अंतरराष्ट्रीय संभावनाओं के बारे में चर्चाओं को फिर से शुरू कर दिया है। मेहमान भारतीय टीम के खिलाफ कोंस्टास के प्रभावशाली प्रदर्शन ने निश्चित रूप से उन्हें फिर से सुर्खियों में ला दिया है। कोंस्टास ने मैच के दौरान पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान टिम पेन से मिले मार्गदर्शन को स्वीकार किया। पेन की सलाह सकारात्मक इरादे बनाए रखने और दबाव बनाने पर केंद्रित थी।

## वॉर्म-अप मैच से हम जो चाहते थे हमें मिल गया: रोहित शर्मा

**कैनबरा, एजेंसी।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री को हराने के बाद वॉर्म-अप गेम के समय में कटौती से खुश हैं। रविवार को मनुका ओवल में इलेवन ने छह विकेट से जीत



दर्ज की। दो दिवसीय गुलाबी गेंद वाले मैच का शुरुआती दिन बारिश के कारण धुल गया और मुकाबले के दूसरे दिन अधिक बारिश के कारण मैच को प्रति पक्ष 46 ओवर का कर दिया गया। बाएं अंगूठे की चोट के कारण पहला टेस्ट न खेलने के बाद शुभमान गिल ने अर्धशतक बनाया और रोहित की वापसी के बावजूद यशस्वी जयसवाल और केएल राहुल ने सलामी बल्लेबाज के रूप में अपना स्थान बरकरार रखा, भारत ने एडिलेड में गुलाबी गेंद से शुरू होने वाले टेस्ट से पहले सभी बॉक्सों पर टिक कर दिया। रोहित ने मैच के बाद कहा कि हां, यह शानदार था। एक समूह के रूप में हम जो चाहते थे वह हमें मिल गया। लेकिन हम थोड़े बदकिस्मत रहे कि हमें पूरा गेम नहीं मिल सका। यह दूसरे दिन धुल गया। लेकिन हमें जो भी समय मिला, हमने उसका अधिकतम लाभ उठाने की कोशिश की और हमारे सामने जो कुछ था, हमने उससे काफी कुछ हासिल किया।

रोहित, जो पर्थ टेस्ट में नहीं खेल पाए थे, जहां भारत ने 295 रन से जीत हासिल की थी, अभ्यास मैच के दौरान समर्थन के लिए आई भारी भीड़ से रोमांचित थे। रोहित ने कहा कि यह बिल्कुल शानदार है। आप जानते हैं, हमें ऑस्ट्रेलिया आना अच्छा लगता है, और हमें अपने प्रशंसकों को आते और हमारा समर्थन करते देखना अच्छा लगता है। आप जानते हैं, ऐसा कभी समय नहीं आया जब हम यहां आए हों और, आप जानते हों, लोग हमारे लिए नहीं आए हों। इसलिए यह देखना हमेशा अच्छा लगता है कि लोग आ रहे हैं और हमारा समर्थन कर रहे हैं।

# रवींद्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन को पिंक बॉल टेस्ट में नहीं मिलेगा मौका



**नईदिल्ली, एजेंसी।** पर्थ में खेले गए बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 के पहले टेस्ट में टीम इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन प्रॉपर तेज गेंदबाज, एक फास्ट बॉलिंग ऑलराउंडर और एक स्पिन ऑलराउंडर से बॉलिंग डिपार्टमेंट तैयार किया था. मुकाबले में भारत के दिग्गज स्पिनर रविचंद्रन अश्विन और ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा प्लेइंग इलेवन में नहीं दिखाई दिए थे. अब एडिलेड में खेले जाने वाले पिंक बॉल टेस्ट भी अश्विन और जडेजा का पत्ता कटता हुआ दिख रहा है. बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा कॉमेंट्री करते हुए नजर आ रह हैं. एडिलेड में खेले जाने वाले दूसरे टेस्ट से पहले पुजारा ने बताया कि क्यों रविचंद्रन अश्विन और रवींद्र जडेजा को पिंक बॉल टेस्ट में जगह नहीं मिलेगी.

पुजारा ने कहा कि पर्थ टेस्ट में टीम इंडिया के पास कंप्लीट बॉलिंग अटैक दिखाई दिया था. स्पिनर के रूप में सुंदर इस लिहाज से ज्यादा अच्छे विकल्प नजर आते हैं क्योंकि उनके पास बैटिंग करने की भी खासी काबीलियत है.

पुजारा से पूछा गया कि क्या आप चाहते हैं कि दूसरे टेस्ट में टीम इंडिया उसी बॉलिंग अटैक के साथ जाए? इसका जवाब देते हुए उन्होंने कहा, इस बॉलिंग अटैक ने हमें सफलता दी. बुमराह बहुत अच्छे दिखे. सिराज बहुत शानदार थे और फिर उन्हें हर्षित ने सपोर्ट किया. आपको मानना पड़ेगा कि उन्होंने बहुत शानदार गेंदबाजी की. वह अपना पहला मैच खेल रहे थे.

पुजारा ने आगे कहा, नितीश कुमार ने थोड़ी बहुत गेंदबाजी की, तो मुझे लगता है कि वो चार तेज गेंदबाज प्रॉपर ऑप्शन हैं और साथ में वाशिंगटन सुंदर. जब उन्होंने शुरुआत की, तो ज्यादा अच्छे नहीं दिखे, लेकिन फिर उन्हें कुछ विकेट मिले. वाशिंगटन हमारे स्पिनर होने चाहिए क्योंकि वह अच्छी बैटिंग कर सकते हैं. उन्हें स्क्वॉड में शामिल करने की वजह यही है कि वह बैटिंग कर सकते हैं और मुझे लगता है कि यह दूसरे टेस्ट मैच में जूरूरी हिस्सा होगा.

आगे सुंदर की बैटिंग को लेकर पुजारा ने कहा, अगर हम कुछ विकेट जल्दी गंवा देते हैं. अगर लोअर मिडिल ऑर्डर को योगदान देने की जरूरत है, तो वाशिंगटन वह काम कर सकते हैं.

## सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय खिताब जीतने के बाद सिंधू के हौसले बुलंद, कहा- अगले कुछ वर्षों तक खेलूंगी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने रविवार को कहा कि वह निश्चित रूप से अगले कुछ वर्षों तक खेलती रहेंगी और उनके दिमाग में 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक बना रहेगा। सिंधू ने सैयद मोदी इंटरनेशनल बैडमिंटन टूर्नामेंट जीतकर लंबे समय से चले आ रहे खिताबी सूखे को खत्म करने के बाद राहत व्यक्त की और उम्मीद जताई कि यह परिणाम उनके शानदार करियर में एक और सफल दौर की शुरुआत करेगा।

पूर्व विश्व चैंपियन ने अपने करियर के अंतिम चरण में चोट से मुक्त रहने की जरूरत पर जोर दिया। सिंधू ने कहा, इस जीत से निश्चित रूप से मेरा आत्मविश्वास बढ़ेगा। 29 वर्ष का होना कई मायनों में फायदेमंद है क्योंकि मेरे पास बहुत अनुभव है।

## अक्षय कराटे में कॉमनवेल्थ चैंपियन, जीता तीसरा पदक

**नोएडा, एजेंसी।** अक्षय महारा भूषणम ने दक्षिण अफ्रीका के डरबन में कराटे कॉमनवेल्थ चैंपियनशिप की व्यक्तिगत स्पर्धा का खिताब जीत लिया। 84 किलो भारवर्ग के फाइनल में अक्षय ने इंग्लैंड के प्रतिद्वंद्वी को 10-0 से हराकर जीत हासिल की। इससे पहले उन्होंने नाइजीरिया, स्कॉटलैंड और बोत्सवाना के प्रतियोगियों को (10-0) मात दी।



इससे पहले वह दो बार दक्षिण अफ्रीका में हुई चैंपियनशिप में रजत जीत चुके हैं। उन्होंने 2018 में जूनियर वर्ग (76 किलो) में पदक जीता था। साल 2022 में दूसरा पदक सीनियर वर्ग में हासिल किया। अब टीम इवेंट की तैयारी में जुटे हैं।

# अजिंक्य रहाणे होंगे केकेआर के अगले कप्तान?

## आईपीएल 2025 से पहले आया बड़ा अपडेट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2025 में कई टीमों की कप्तानी में बड़े बदलाव देखने को मिलेंगे, जिसको लेकर धीरे-धीरे तस्वीर साफ होती दिख रही है. सामने आई रिपोर्ट में बताया गया कि डिफेंडिंग चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्सअगले सीजन में अजिंक्य रहाणे को कप्तान बनाने का विचार कर रही है. एक रिपोर्ट में बताया गया कि केकेआर ने रहाणे को कप्तानी के लिए खरीदा है. बता दें कि जेद्दा में हुए मेगा ऑक्शन में कोलकाता ने रहाणे को 1.5 करोड़ रुपये की बेस प्राइस में खरीदा था. रिपोर्ट में एक सोर्स के हवाले से कहा गया, हां, फिलहाल यह 90 फीसद पक्का है कि अजिंक्य रहाणे केकेआर के कप्तान होंगे. उन्हें खासकर एक व्यवहार्य कप्तानी विकल्प होने के उद्देश्य से खरीदा गया था. हालांकि पहले ऐसी भी खबरें



सामने आई थीं जिसमें कहा गया था केकेआर ऑलराउंडर वेंकटेश अय्यर को अगले सीजन के लिए टीम की कमान सौंप सकती है. वेंकटेश को फ्रेंचाइजी ने मेगा ऑक्शन में 23.75 करोड़ रुपये की कीमत में खरीदा था. हालांकि अभी रहाणे या फिर वेंकटेश अय्यर में से किसी के भी कप्तानी बनने को लेकर आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है.

**मुंबई ने रहाणे को कप्तानी से हटाया**

रणजी ट्रॉफी में मुंबई की कमान संभालने वाले अजिंक्य रहाणे को सैदय मुश्ताक अली ट्रॉफी के लिए टीम की कमान नहीं सौंपी गई. मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन ने श्रेयस अय्यर को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के लिए मुंबई का कप्तान बनाया. गौर करने वाली बात यह है कि अय्यर की कप्तानी में कोलकाता ने पिछेल साल आईपीएल का खिताब जीता था. अब केकेआर उस खिलाड़ी को कप्तान बनाने का विचार कर रही है, जिसे टी20 टूर्नामेंट के लिए मुंबई ने कप्तान नहीं बनाया. रहाणे इससे पिछले दो सीजन (2023 और 2024) चेन्नई सुपर किंग्स का हिस्सा रहे थे. अब केकेआर ने उन पर दांव खेला है.

## 28 मैच कम खेलकर हारिस रऊफ ने तोड़ा ये बड़ा रिकॉर्ड

● टी-20 में इस मामले में बने नंबर-1 पाकिस्तानी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान की टीम इस वक्त जिम्बाब्वे के दौरे पर है, जहां उसने टी-20 सीरीज का पहला मैच जीत लिया है. पहले टी-20 में 57 रन की जीत ने पाकिस्तान को सीरीज में 1-0 की बढ़त दिलाई है. इसी मैच में पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस रऊफ ने एक बड़ा रिकॉर्ड भी अपने नाम किया. वो टी-20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले पाकिस्तानी गेंदबाज बन गए हैं.

**टी-20 में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले पाकिस्तानी**

हारिस रऊफ ने जिम्बाब्वे के खिलाफ पहले टी-20 मैच में 3 ओवर गेंदबाजी की और 17 रन देकर 2 विकेट लिए. इन 2 विकेटों के साथ वो टी-20 इंटरनेशनल में पाकिस्तान के सबसे सफल गेंदबाज बन गए. मतलब वो अब सबसे ज्यादा टी-20 इंटरनेशनल विकेट लेने वाले पाक गेंदबाज हैं. इस मामले में उन्होंने शादाब खान का रिकॉर्ड तोड़ा.

## अंडर-19 एशिया कप:
# पाकिस्तानी ओपनर ने लगातार दूसरा शतक जड़ा



**दुबई, एजेंसी।** व्हाइट बॉल क्रिकेट में पाकिस्तान के नए स्टार शाहजेब खान ने यूनाइटेड अरब अमीरात में अंडर-19 एशिया कप में अपना लगातार दूसरा शतक लगाया। शाहजेब ने सोमवार (2 दिसंबर) को यूएई के खिलाफ 132 रन की पारी खेली। इससे पहले भारत के खिलाफ उन्होंने 159 रन की पारी खेली थी। वह 2 मैच में 16 चौके और 16 छक्के जड़ चुके हैं। शाहजेब के अलावा पाकिस्तान के लिए मोहम्मद रियाजुल्लाह ने भी शतक जड़ा। दोनों की शतकीय पारी के बदौलत पाकिस्तान ने 3 विकेट पर 314 रन का स्कोर खड़ा किया।

ग्रुप में पाकिस्तान की टीम काफी मजबूत दिखाई दे रही है। पहले मैच में उसने भारत को 43 रन से हरा दिया था। उस मैच में शाहजेब खान के अलावा उस्मान खान ने अर्धशतक जड़ा था। शाहजेब की पारी के दम पर पाकिस्तान ने 7 विकेट पर 281 रन बनाए।

### शाहजेब खान ने 16 चौके और 16 छक्के की मदद से अबतक 291 रन ठोक दिए हैं

भारत के खिलाफ मैच में शाहजेब ने 147 गेंद पर 5 चौके और 10 छक्के की मदद से 159 रन बनाए थे। यूएई के खिलाफ उन्होंने 136 गेंद पर 11 चौके और 6 छक्के की मदद से 132 रन बनाए। उन्होंने रियाजुल्लाह के साथ 183 रन की साझेदारी की। शाहजेब ने टूर्नामेंट में 16 चौके और 16 छक्के की मदद से अबतक 291 रन ठोक दिए हैं। अंडर-19 एशिया कप के ग्रुप ए में यूएई शीर्ष पर है। उसने जापान को पहले मैच में हराया था। पाकिस्तान दूसरे नंबर पर है। उसने भारत को हराया था। भारत तीसरे और जापान चौथे नंबर पर है। 2 दिसंबर को भारत-जापान और पाकिस्तान-यूएई मैच है।

# खेलो एमपी यूथ गेम्स को लेकर तैयारीयां जोरो पर

## छत्रसाल नजर बाग स्टेडियम में होगी जिला स्तरीय प्रतियोगिता

पन्ना



मध्य प्रदेश शासन खेला युवा कल्याण विभाग के माध्यम से मुख्यमंत्री की घोषणा अनुसार पूरे प्रदेश में खेलो एमपी यूथ गेम्स 2024 का आयोजन प्रत्येक जिले में किया जा रहा हैं। जिसमें अधिकारीयों को जिम्मेवारी सौपी गई है, पन्ना जिला खेल अधिकारी एवं एसडीओपी पन्ना एसपी सिंह बघेल द्वारा पन्ना जिले में उक्त प्रतियोगिता की तैयारीयों के संबंध मे लगातार ब्लाक स्तरो का भ्रमण कर विभिन्न विभागो के अधिकारी कर्मचारीयों को दायित्व सौपे गयें है। तथा उन्होने जिला स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता नजर बाग मैदान का निरीक्षण किया। तथा उसे व्यवस्थित बनाने के संबंध में जायजा लिया एवं विभिन्न विभागो के सहयोग से खेल मैदान को दुरूस्थ कराया जा रहा है। उक्त खेल प्रतियोगिताए ब्लाक, जिला, संभाग तथा प्रदेस स्तर पर आयोजित की जायेगी। यह प्रतियोगिताए ब्लाक स्तर पर जिला स्तर पर, संभाग स्तर पर एवं राज्य स्तर पर आयोजित की जायेगी। ज्ञात हो कि माध्यमिक शिक्षा मंडल दसवीं एवं बारहवीं की छहमाही परीक्षाए आयोजित होने के चलते निर्धारित तिथियों मे होने वाले खेलो को अभी स्थिगित कर दिया गया है। इसके लिए अलग से खेल युवा कल्याण विभाग द्वारा तिथियों के संबंध में जानकारी प्रकाशित की जायेगी। उक्त प्रतियोगिताओ को लेकर प्रचार प्रसार किया जा रहा है। जिसमें अधिक से अधिक खिलाड़ी भाग ले सकें तथा अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित कर सकें। ब्लाक स्तर पर चयनित प्रतिभागियों की स्पर्धा जिला स्तर पर जिला स्तर पर चयनित संभाग स्तर पर तथा संभाग स्तर पर चयनित प्रदेश स्तर पर कराई जायेगी। जिन खेलो को ब्लाक, जिला तथा संभाग स्तर पर आयोजित किया जाना है उसमें ऐथेलेटिक्स, बालीबाल, बैडमिंटन, बाक्सिंग, क्रिकेट, फुटबाल, हांकी, जुड़ो, कबड्डी, खो खो, मलखंब, तैराकी, बैट लिप्टिंग, कुस्ती, टेबिल टेनिस, योगासन, बालीबाल टेनिस एवं शतरंज प्रतियोगिताए कराई जायेगी, तथा छह खेलो को जिसमें ताईक्कांन्डो, फैन्सिंग, रोईंग, क्कांईग, केनोईंग, शूटिंग एवं आर्चरी, उक्त छह खेल राज्य स्तर पर आयोजित किये जायेगें। उक्त प्रतियोगिता मे 19 वर्ष तक का कोई भी व्यक्ति भाग ले सकता हैं। इसके लिए आन लाईन रजिस्ट्रेशन की सुविधा भी दी गई है तथा आफ लाईन जिला खेल अधिकारी कार्यालय से फार्म लेकर भरकर जमा कर सकता हैं। निरीक्षण के दौरान अनेक लोग उपस्थित रहें। जिसमें फुटबाल संघ के अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह परमार, खेल युवा कल्याण विभाग के प्रशिक्षक राहुल गुर्जर तथा अन्य लोग शामिल रहे।

## महाकुंभ मे थाली तथा थैला देंगे स्वंय सेवक संघ के कार्यकर्ता

**पन्ना।** आगामी समय में आयोजित महाकुंभ में प्लास्टिक मुक्त पर्यावरण बनाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के कार्यकर्ताओं द्वारा अभी से कमर कस ली है तथा आम लोगो से सहयोग की अपली करते हुए कार्य प्रारंभ कर दिया है। जिसमे की गई घोषणा के अनुसार महाकुंभ मे शामिल होने के लिए भोजन प्रसाद के लिए प्लास्टिक के बर्तन न देकर स्टील की थालीयां तथा थैला देने का लक्ष्य तैयार किया गया है। जिससे अनावश्यक प्लास्टिक न फैले और न ही पर्यावरण दूषित हो। इस उद्देश्य को लेकर स्टील के बर्तन तथा थैले के रूप में लोगो से सहयोग लिया जा रहा है तथा लोग सहयोग भी कर रहें है। इसी कड़ी में सुयश पान्डेय कार्यकर्ता राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ की प्रेरणा से लोगो द्वारा जिला अस्पताल के सामने थाली एवं थैले प्रदान किये गये। इस दौरान डॉक्टर हेमन्त चौरहा, प्रतीक परमार, अभिषेक चौरहा, सौरभ, आशीष यादव हिमांशु दुबे, आदि के द्वारा सामग्री एकत्रित करके जिला पर्यावरण संयोजक राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ को भेंट किये गयें।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण में घटिया सामग्री का किया जा रहा उपयोग

## जिम्मेवार अधिकारियों द्वारा ठेकेदार को पंहुचाया जा रहा आर्थिक लाभ

**पन्ना।** पन्ना जिले मे चल रहे निर्माण कार्यो में व्याप्क स्तर पर भ्रष्टाचार चल रहा है, इसी का परिणाम है कि स्थानीय निर्माण एजेन्सीयों को मानिटिरिंग की जिम्मेवारी ने देकर प्रदेश स्तरीय निर्माण एजेन्सीयों को मानिटिरिंग की जिम्मेवारी साठ गाठ करके दी जाती है। जिससे संबंधित निर्माण कार्य कराने वाले ठेकेदार को आर्थिक लाभ पंहुच सकें तथा संबंधित विभाग के अधिकारीयों को भी मोटा कमीशन मिल सकें। पन्ना जिले मे चल रहें विभिन्न निर्माण कार्यो मे भोपाल स्तर की निर्माण ऐजेन्सीयों द्वारा करोड़ो रूपये के कार्यो की मानिटिरिंग भोपाल मे बैठकर की जा रही है। इसी का परिणाम है कि निर्माण कार्यो मे लगातार व्याप्क स्तर पर फर्जीवाड़ा एवं भ्रष्टाचार किया जा रहा है तथा अमानक सामग्री का उपयोग करते हुए किसी प्रकार कार्य को पूर्ण कर दिया जाता है। उदाहरण के तौर पर देवेंद्रनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कें



अतिरिक्त भवन निर्माण का कार्य चल रहा है। जो अत्यन्त ही गुणवत्ताहीन एवं अमानकम मटेरियल से तैयार किया जा रहा है। 55 लाख की लागत से बनने वाले उक्त भवन का कार्य पुलिस हाउसिंग बोर्ड निर्माण एजेन्सी के माध्यम से कराया जा रहा है। जिसमें व्याप्क स्तर पर अनिमित्ताए की जा रही है। गौरतलब है कि चल रहें निर्माण कार्य के संबंध में गड़बड़ी की जानकारी विभाग के एसडीओ यादव को लोगो द्वारा दी जा चुकी है, लेकिन हत्पो बीत जाने के बावजूद विभाग के जिम्मेवारी अधिकारी देखने तक नहीं आयें। उक्त मामले के संबंध में स्थानीय विधायक डॉक्टर राजेश वर्मा तथा जिला कलेक्टर को भी अवगत कराया गया है। लेकिन उक्त संबंधितो द्वारा भी कोई कदम नहीं उठाया गया है। ज्ञात हो कि जिले में अधिकारीयों तथा जन प्रतिनिधियों की मिली भगत से भ्रष्टाचार एवं फर्जीवाड़ा चल रहा है। इसी लिए जिम्मेवार किसी भी विषय में गंभीरता से नही लेते है और न ही गड़बड़ी करने वालो पर कार्यवाही कराते है।

# डीजे ध्वनि प्रदूषण से प्रभावित हो रही छात्रों की पढ़ाई, प्रशासन को सख्त कदम उठाने की आवश्यकता

**देवेन्द्रगनर।** मध्यप्रदेश शासन ने आगामी बोर्ड परीक्षाओं के दृष्टिगत छात्रों की पढ़ाई में किसी भी प्रकार की विघ्न-बाधा न आए, इसके लिए रात्रि 10 बजे के बाद डीजे साउंड बजाने पर प्रतिबंध लगा रखा है। बावजूद इसके, शादी विवाह सीजन के दौरान बाहरी डीजे का आना और देर रात तक उनकी ध्वनि का बजना विद्यार्थियों के अध्ययन में व्यवधान उत्पन्न कर रहा है।

इस संदर्भ में थाना प्रभारी देवेंद्र नगर ने स्थानीय डीजे संचालकों के साथ बैठक कर रात्रि 10 बजे के बाद डीजे बजाने पर रोक लगाने के निर्देश दिए थे, लेकिन बाहरी डीजे की आवाज़ें और विवाह कार्यक्रमों के दौरान शोर शांति की नीति का उल्लंघन कर रहे हैं। इससे छात्रों की मानसिक शांति और अध्ययन प्रभावित हो रहा है। स्थानीय प्रशासन को इस पर कठोर कदम उठाने की आवश्यकता है और मेरिज गार्डन संचालकों को भी सख्त निर्देश दिए जाने चाहिए, ताकि रात्रि 10 बजे के बाद डीजे बजाने की पूरी तरह से रोक लगाई जा सके। यह समस्या केवल देवेंद्र नगर तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे प्रदेश में ध्वनि प्रदूषण का मुद्दा गंभीर होता जा रहा है। प्रशासन के स्तर पर बड़े-बड़े बैठकें और योजनाएं बनती हैं, लेकिन जब ये मामले राजनीतिक दबाव के सामने आते हैं, तो अधिकतर नकारात्मक परिणाम सामने आते हैं। नियमों का उल्लंघन खुलेआम होता है, और प्रशासन इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं करता। इसके अतिरिक्त, नेशनल हाइवे के किनारे बसा पूरा शहर वाहनों की अत्यधिक तेज हार्न की आवाज से भी परेशान है।

## रैपुरा तहसील क्षेत्र में धान खरीदी केन्द्र बढ़ाये जाने की मांग

**पन्ना।** जिले के रैपुरा तहसील क्षेत्र अन्तर्गत सैकड़ो ग्राम आते है, तथा धान, की फसल के लिए यह क्षेत्र जाना जाता है, इसके बावजूद प्रशासन द्वारा रैपुरा तहसील क्षेत्र में केवल तीन धान खरीदी केन्द्र बनाये गये है। जबकी विगत वर्ष पांच खरीदी केन्द्र बनाये गये थें। तीन खरीदी केन्द्र बनाये जाने से किसानो को भारी समस्या का सामना करना पडेगा, क्योकि उन्हे अपनी फसल दूर दराज कई किलो मीटर दूर ले जाना पड़ेगा। स्थानीय किसानो की मांग का समर्थन करते हुए युवक कांग्रेस जिला महासचिव नीरज बड़ागाँव ने तहसील क्षेत्र में पांच खरीदी केन्द्र बनाये जाने की मांग की है तथा कहा है कि यदि खरीदी केन्द्र नहीं बढ़ाये जाते है तो युवा कांग्रेस किसानो के समर्थन में आन्दोल करेगी।

# जिले में आवारा पशुओं का जमघट, शासन प्रशासन के आदेश सिर्फ कागजो पर, मारे-मारे फिर रहें मवेशी

**पन्ना।** जिले में गौ माता की हालत अत्यंत चिंताजनक बनी हुई है। जहां एक ओर सरकार द्वारा गौशालाओं के लिए लाखों रुपए का बजट आवंटित किया जाता है, वहीं दूसरी ओर आवारा गायें और अन्य पशु सड़क पर घूमते हुए कचरा खाकर अपना पेट भरने को मजबूर हैं। पर्यटन नगरी के रूप में पहचाने जाने वाले इस जिले में गौशालाओं के बावजूद यह स्थिति बेहद शर्मनाक है, जो शासन-प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाती है। हालात यह हैं कि आवारा पशु गांवों, शहरों, स्कूलों और मंदिरों के पास, यहां तक कि प्रमुख चौराहों पर भी घूमते दिखाई दे रहे हैं। यह दृश्य न केवल स्थानीय निवासियों के लिए परेशानी का कारण बन रहे हैं, बल्कि सड़क दुर्घटनाओं की संख्या भी बढ़ा रहे हैं। कई बार



मीडिया में इस मुद्दे को उठाया गया है, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। उक्त मामले को लेकर प्रदेश सचिव, यादव महासभा, रविंद्र सिंह यादव ने भी इस मुद्दे पर गहरी चिंता जताई है। उन्होंने कहा, हम पन्ना जिले में रोज़ देख रहे हैं कि किस तरह से आवारा पशु सड़कों पर बैठकर सड़क दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं। इसके बावजूद सरकार द्वारा आवंटित भारी बजट के बावजूद कोई सुधार नहीं हो रहा है। हम प्रशासन से अपील करते हैं कि इस समस्या को शीघ्र सुलझाया जाए, अन्यथा यादव महासभा इस मुद्दे पर आंदोलन करेगी।

# ग्राम पंचायत कचोरी मे गंदगी का आलम, सड़क न होने से लोगो का निकलना मुश्किल

## स्वच्छता के नाम पर लाखो की राशि हो गई खर्च



**पन्ना।** जिले में स्वच्छता ने नाम पर विभिन्न ग्राम पंचायतो पर करोड़ो की राशि खर्च हो चुकी है। लेकिन ग्रामीण क्षेत्र की अधिकांश ग्राम पंचायतों मे गंदगी का आलम फैला हुआ है। इसी प्रकार का मामला शाहनगर जनपद पंचायत अन्तर्गत ग्राम पंचायत कचौरी का सामने आया है। जहां पर सड़क गलियों मे गंदगी का अंबार लगा हुआ है। लोगो का चलना मुश्किल हो रहा है, ग्राम पंचायत द्वारा स्वच्छता के नाम पर लाखो रूपये खर्च कर दिये गये है। लेकिन ग्राम पंचायत क्षेत्र में दूर दूर तक स्वच्छता नजर नहीं आ रही है। ग्राम पंचायत की गलियों मे गंदगी का आलम देखा जा रहा है। जिससे उक्त गंदगी में मच्छर पनप रहे है, तथा लोग मच्छरो के चलते बीमार हो रहें है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छता के सपने को ग्राम पंचायत कचोरी में पलिता लगाया जा रहा है। स्थानीय लोगो ने संबंधित ग्राम पंचायत क्षेत्र में लगाये गये विकास कार्यो तथा स्वच्छता के नाम पर खर्च की गई राशि की जांच कराकर कार्यवाही की मांग की है।

# लोक अदालत में बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरणों में होंगे समझौते

**पन्ना।** आगामी 14 दिसम्बर को नेशनल लोक अदालत में बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरणों को समझौते के माध्यम से निराकृत किया जाएगा। विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए विद्युत उपभोक्ताओं एवं उपयोगकर्ताओं से अपील की गई है कि वे अप्रिय कानूनी कार्यवाही से बचने के लिए अदालत में समझौता करने के लिए संबंधित बिजली कार्यालय में संपर्क करें। विद्युत वितरण कंपनियों द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि धारा 135 के अंतर्गत अदालत में लंबित प्रकरणों का निराकरण के लिये निम्नदाब श्रेणी के समस्त घरेलू, समस्त कृषि, 5 किलोवॉट के गैर घरेलू एवं 10 अश्व शक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को प्रकरणों में ही छूट दी जाएगी। प्रि-लिटिगेशन स्तर पर कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत आकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात् प्रत्येक छःमाही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। लिटिगेशन स्तर पर कंपनी द्वारा आकलित सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत एवं आकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात् प्रत्येक छःमाही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत छूट दी जाएगी। लोक अदालत में छूट कुछ नियम एवं शर्तों के तहत मिलेगी। आवेदक को निर्धारित छूट के उपरांत शेष बिल आकलित सिविल दायित्व एवं ब्याज की राशि एकमुश्त भुगतान करना होगा। उपभोक्ता-उपयोगकर्ता को विचाराधीन प्रकरण वाले परिसर एवं अन्य परिसरों पर उसके नाम पर किसी अन्य संयोजन-संयोजनों के विरूद्ध विद्युत देयकों की बकाया राशि का पूर्ण भुगतान भी करना होगा। आवेदक के नाम पर कोई वैध कनेक्शन न होने की स्थिति में छूट का लाभ प्राप्त करने हेतु आवेदक द्वारा वैध कनेक्शन प्राप्त करना एवं पूर्व में विच्छेदित कनेक्शनों के विरूद्ध बकाया राशि (यदि कोई हो) का पूर्ण भुगतान किया जाना अनिवार्य होगा। नेशनल लोक अदालत में छूट आवेदक द्वारा विद्युत चोरी-अनधिकृत उपयोग पहली बार किये जाने की स्थिति में ही दी जाएगी। विद्युत चोरी या अनधिकृत उपयोग के प्रकरणों में पूर्व की लोक अदालतों में छूट प्राप्त कर चुके उपभोक्ता या उपयोगकर्ता छूट के पात्र नहीं होंगे। सामान्य बिजली बिलों में जुड़ी बकाया राशि पर कोई छूट नहीं दी जाएगी। नेशनल लोक अदालत में उपरोक्तानुसार दी जा रही छूट आकलित सिविल दायित्व राशि 50 हजार तक के प्रकरणों के लिए सीमित रहेगी। यह छूट मात्र नेशनल लोक अदालत दिवस को समझौते करने के लिये ही लागू रहेगी।

## सलेहा थाना पुलिस नें एक आरोपी सहित पांच नग भैंसो के साथ पिकअप वाहन किया बरामद

**पन्ना।** सलेहा थाना प्रभारी सलेहा थाना क्षेत्र में एक पिकअप वाहन को पकड़ा गया। जिसमें पांच नग भैंसे लदी हुई थी, संबंधित पिकअप वाहन से एक व्यक्ति को पकड़ा गया है, जो अवैध रूप से पशु परिवहन कर रहा था, संबंधित के पास कोई भी वैधानिक दस्तावेज नहीं थें। उक्त वाहन मडैयन महराजपुर के पास से पकड़ा गया है। पुलिस ने उक्त वाहन से जिस आरोपी को पकड़ा है उसका नाम जाबिर अली है, जो ग्राम भटिया का निवासी है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पशुक्रूरता अधिनियम एवं मोटर व्हीकल एक्ट के अतंर्गत्त अप.क्र. 313/24 कायम किया जाकर विवेचना में लिया गया।

# विराट इनामी दंगल खोरा में पहलवानों ने ठोकी ताल

**पन्ना।** भले ही कुश्ती धीरे-धीरे बुंदेलखंड से विलुप्त हो रही है आल्हा ऊदल के इस खेल को लोग बहुत कम अपनाते हैं लेकिन पन्ना जिले के अजयगढ़ क्षेत्र में आज भी सबसे लोकप्रिय खेल कुश्ती ही है इसीलिए हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी खोरा के बड़ी फील्ड में कुश्ती का आयोजन किया गया। इसे देखने के लिए इलाके की सैकड़ों लोग एक साथ इकट्ठे हुए दंगल का आयोजन सीआरपीएफ दादू राम खोरा, देशपाल सिंह (डिफरेंस इंजीनियर), नरेंद्र सिंह जी, राम मूरत सिंह जी के नेतृत्व किया गया। जिसमें उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के दर्जनभर से अधिक पहलवानों ने



ताल ठोक कर पहलवानी का जौहर दिखाया। दंगल के मुख्य अतिथि के रूप में सरपंच रिटायर्ड फौजी रामशिरोमणी लोधी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रोफेसर जयपाल लोधी, भाजपा युवा नेता शुभम सिंह राजपूत, जानकी प्रधान, मिहीलाल सरपंच, मुन्ना सरपंच ने पहलानों को हांथ मिलाकर कुश्ती का शुभारंभ किया। आज खोरा मे विराट इनामी दंगल का आयोजन हुआ जिसमें उत्तरप्रदेश और पन्ना जिले के क्षेत्रीय पहलवान उपस्थित रहे और उनके द्वारा लड़ी गई कुश्तीयां बहुत शानदार रही उन्होंने अपनी कला दांव पेंच का प्रदर्शन शानदार तरीके से किया साथ है छोटे बच्चों का प्रदर्शन भी मजेदार रहा।

कार्यक्रम का संचालन देशपाल सिंह डिफेन्स इंजिनियर ने किया। सहयोगी सदस्य के रूप मे लोधी राजेश कुमार सपब एजेंट, अरबिंद सिंह,रामचंद्र सिंह लालाराम सिंह फूलचंद सिंह झल्लू सिंह, प्रेमचंद हेमराज सिंह, दादू भैया पहाड़िया, नेता पहाड़िया, रतन सिंह, महेन्द्र सिंह, विजय सिंह, निर्णायक भूमिका के रूप मे लक्ष्मण सिंह, हीरु पहलवान रहे।

# विद्यार्थियों ने कलेक्टर से की भेंट

पन्ना

पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय पन्ना के विद्यार्थियों ने गत दिवस कलेक्टर सुरेश कुमार से भेंट कर प्रशासनिक कार्यों एवं गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। इस मौके पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा शिक्षकों की मौजूदगी में जिला कलेक्टर का आत्मीय स्वागत किया गया। प्राचार्य अमित दाहिया के मार्गदर्शन में विद्यालय प्रबंधन द्वारा नवीन शिक्षा नीति के बैगलेस डे कार्यक्रम के तहत कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों को कलेक्टर कार्यालय का भ्रमण कराया गया। कलेक्टर श्री कुमार ने कलेक्टर कक्ष में छात्र-छात्राओं से संवाद कर शैक्षणिक एवं खेलकूद गतिविधियों की जानकारी ली और कैरियर एवं बेहतर भविष्य निर्माण के लिए महत्वपूर्ण व उपयोगी सलाह दी। विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व के बारे में बताया गया, साथ ही समय प्रबंधन का पालन कर उपलब्ध संसाधनों के सदुपयोग से आगे बढ़ने की सीख भी दी। विद्यार्थियों ने भी जिला कलेक्टर से उत्साह व धैर्यपूर्वक संवाद कर पाठ्येत्तर एवं एकेडमिक क्रियाकलापों की जानकारी साझा की। विद्यार्थियों ने कलेक्ट्रेट परिसर के अन्य जिला कार्यालयों का भ्रमण कर विभागीय कार्यप्रणाली को समझा।

# बोली लगाने के बाद हीरा न उठाने से गरीब परेशान

## बोलीदारो को किया जायेगा ब्लैक लिस्टेड

**पन्ना।** हीरों के लिए विख्यात पन्ना जिले मे हीरों की हेराफेरी का मामला सामने आया है यहाँ कई हीरा व्यापारी सफ़ेद हीरे के काले कारोबार मे संलिप्त बताये जा रहे है। यह कारोबार पन्ना से लेकर सूरत तक फैला है यहाँ हीरा व्यापारियों ने हीरा नीलामी मे बेशकीमती हीरों पर बोली लगाई और हीरों को ऊँची बोली मे अपने नाम कर लिया लेकिन कई व्यापारियों द्वारा बाद मे रॉयल्टी जमा नहीं की गयी और हीरे नहीं उठाये गए। जिससे न केवल शासन को राजस्व का नुकसान उठाना पड़ा बल्कि तुअदार को भी भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। पन्ना मे इस तरह की धाधली पिछले कई वर्षों से चली आ रही है। जिससे पन्ना



के हीरा करोवार को भारी नुकसान पंहुचा है इससे हीरा जमा करने वालो का हीरा कार्यालय से भरोसा भी कम हुआ है और यही कारण हे की लोग पन्ना हीरा कार्यालय मे हीरे कम जमा करा रहे हे और ब्लैक मार्केट मे ज्यादा विश्वास रख रहे है। यही कारण है की पन्ना मे अमूमन त्रिमासिक होने वाली हीरा नीलामी पिछले नौ माह से नहीं हो सकी है। यहाँ हीरे का व्यापार दम तोड़ता नजर आ रहा है। हाला की जब कुछ व्यापारियों द्वारा नीलामी के हीरे न उठाये जाने के सवाल को हीरा अधिकारी से दागा गया तो उन्होंने कहा की ऐसे व्यापीरियों पर जल्द कार्यवाही की जाएगी और दो से तीन हीरा व्यापारीओं को ब्लैक लिस्टेड किया जायेगा जो अगली नीलामी मे भाग नहीं ले सकेगें। पन्ना मे हीरों को नीलामी के बाद उठान न करने का गोरखधंदा करीब एक दशक से चला अ रहा हे जिसे व्यापारी अपनी मन मर्जी और फायदे के हिसाब करते चले आ रहे है। ऐसे हीरा व्यापारियों की जानकारी जो सूत्रों से हाथ लगी हे उसमे अभी तक कुल तीन नाम सामने आये हे.इसमें हिम्मत भाई पिता रंझोर नागर निवासी सूरत, मेसर्स एमआरडीएस फर्म पन्ना और फिरोज खान निवासी आगरा मोहल्ला पन्ना के नाम सामने आये है। जानकारी के अनुसार फिरोज खान निवासी पन्ना द्वारा फरवरी 2024 की हीरा नीलामी मे एक थान (पीस) 5.33 कैरेट के हीरे को 10 लाख 23,360 मे लिया था जिसे नहीं उठाया. एमआरडीएस फर्म पन्ना-अक्टूबर 2022 की हीरा नीलामी मे 2.13 कैरेट और 4.02 कैरेट के दो नग हीरे कुल बजन 6.15 करेट्स के हीरों को 09 लाख 20,982 रुपये की बोली मे लिया था जो नहीं उठाया।

# विश्व एड्स दिवस पर नर्सिंग महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने निकाली जागरूकता रैली

**पन्ना।** वैष्णव माता शिक्षा समिति द्वारा संचालित वैष्णव माता महाविद्यालय नर्सिंग के छात्र-छात्राओं द्वारा विश्व एड्स दिवस 01 दिसम्बर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय से एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस जागरूकता रैली को सीएमएचओ डॉ. एस.के. त्रिपाठी द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। विभिन्न स्वास्थ्य कर्मचारी, एड्स विभाग के कर्मचारी व नर्सिंग ऑफिसर शामिल रहे। इस रैली का मुख्य उद्देश्य एचआईव्ही, एसटीआई की रोकथाम हेतु जन समुदाय को जागरूक किया गया व रेड रिबन लगाकर एड्स जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सभी कर्मचारियों व छात्र-छात्राओं को एड्स जागरूकता की शपथ दिलाई गई।

जागरूकता अभियान के तहत बताया गया कि मैदानी स्तर पर जाकर लोगों को आईसीटीसी की जांच कराने एवं सुरक्षा साधनों के प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। इस रैली में नर्सिंग महाविद्यालय की ओर से विभागाध्यक्ष डॉ. रंजना अहिरवार, शिभा सिंह सोलंकी, साधना साहू, कविता मालवीय, अमृता शर्मा सहित कई छात्र-छात्रायें शामिल रहे।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर | सीधी, मंगलवार 03 दिसम्बर 2024 | 8


कृष्णा राजकपूर आडिटोरियम से आयोजित वृहद रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं का अपार उत्साह देखा गया। प्रभारी कलेक्टर सहित अधिकारियों, कर्मचारियों पुलिस के अधिकारियों, जवानों तथा सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने रक्तदान किया।



## रक्तदान मानवता की सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण है : उप मुख्यमंत्री

### वृहद रक्तदान शिविर में 351 यूनिट रक्त का हुआ संग्रहण, उप मुख्यमंत्री ने रक्तदाताओं का किया सम्मान

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि रक्तदान मानवता की सेवा कर उत्कृष्ट उदाहरण है। रक्तदान कर हम किसी की जिन्दगी बचा सकते हैं। जब हमारे रक्त से किसी का जीवन बचता है तो हमें जो सुकून व संतुष्टि मिलती है वह अकल्पनीय है। श्री शुक्ल ने रीवा के कृष्णा राजकपूर आडिटोरियम में आयोजित वृहद रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं का उत्साह बढ़ाया तथा रक्तदान करने वाले रक्तवीरों का सम्मान किया।




जिला प्रशासन, रेडक्रास सोसायटी, नगर निगम तथा स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित मेगा रक्तदान शिविर में 385 रक्तदाताओं ने पंजीयन कराया तथा 351 यूनिट रक्त का संग्रहण हुआ। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि रक्तदान के समय हमें यह अनुभूति होती है कि हम स्वयं अपने लिये नहीं वरन अन्य के लिये भी जी रहे हैं। मनुष्य को रक्तदान अवश्य करना चाहिए क्योंकि रक्त किसी फैक्ट्री में नहीं बनता वह मनुष्य के शरीर में ही बनता है और रक्तदान कर किसी का जीवन बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि रक्तदान ईश्वर से जुड़ने का माध्यम है क्योंकि इसका प्रतिफल सुखद होता है। श्री शुक्ल ने कहा कि परहित सरिस धर्म नहीं भाई ही रक्तदान का मूल उद्देश्य है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा के लोग हर क्षेत्र में आगे रहते हैं। आज मेगा रक्तदान शिविर में लोगों तथा विद्यार्थियों की उपस्थिति यह दर्शाती है कि रीवा वासी इस पुनीत कार्य में भी पीछे नहीं हैं और नई पीढ़ी में शहर की पुरातन संस्कृति हस्तांतरित हो रही है। उन्होंने कहा कि रीवा चिकित्सा सुविधाओं के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। अधिक से अधिक रक्तदान कर लोग आकाल मृत्यु को रोकने में अपनी सहभागिता का संदेश दे रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों, पुलिस के जवानों, अधिकारियों तथा अन्य प्रबुद्धजनों का रक्तदान जैसे पुनीत कार्य करने के लिये धन्यवाद दिया।

विधायक मनगवां इंजी. नरेन्द्र प्रजापति ने रक्तदान शिविर में रक्तदान किया। रक्तदान के उपरांत उन्होंने कहा कि पुण्य के इस कार्य में सभी सहभागी बनें। रीवा विकास के साथ सामाजिक व अन्य क्षेत्रों में हमेशा आगे रहा है और रहेगा। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों को अवश्य रक्तदान करना चाहिए क्योंकि यह मानसेवा का एक माध्यम है तथा सामाजिक कार्य है। रक्तदान शिविर में प्रभारी कलेक्टर डॉ. सौरभ सोनवणे ने भी रक्तदान किया। इस अवसर पर आयुक्त रीवा संभाग बी.एस. जामोद ने कहा कि रक्तदान महादान है। आज रीवा के नागरिकों में अपार उत्साह है और वह इस पुण्य के काम अपनी भागीदारी निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इससे बड़ी कोई मानव सेवा नहीं हो सकती। कमिश्नर ने बताया कि संभाग के सभी जिलों में 15 दिसंबर तक वृहद रक्तदान शिविर आयोजित होंगे।

## बटवारें के संबंध में आपत्ति आज तक आमंत्रित

**रीवा।** मुनिस्पल बोर्ड नगर निगम एवं देवमणि बेवा रामनारायण उर्फ साहब परमानंद, साच्चितानंद पिता जयराम केशव प्रसाद पिता रघुनंदनराम निवासी रीवा तथा श्रीमती मीना पिता स्व. मो. रहमतउल्ला, मो. इसरार, मो. हसबाबू, मो. वाहिद, मो. जाहिद, मो. इम्तियाज मो. न्याज पिता स्व. मो. रहमतउल्ला निवासी घोघर जिला रीवा के आराजी नंबर 96/1/3(एस) रकवा 1.089 हेक्टेयर के बटवारे के संबंध में आपत्ति 3 दिसंबर तक दर्ज करायी जा सकती है। तहसीलदार हुजूर के न्यायालय में नियत तिथि तक आपत्ति प्रस्तुत की जा सकेंगी। नियत तिथि के उपरांत उपस्थित न होने पर एक पक्षीय कार्यवाही करते हुए प्रकरण का निराकरण कर दिया जायेगा।

## पंचायत एवं नगरीय निकायों के उप निर्वाचन के लिए मतदान 9 दिसंबर को

**रीवा।** पंचायत एवं नगरीय निकायों के उप निर्वाचन के लिए घोषित कार्यक्रम के अनुसार रीवा जिले के विकासखण्ड जवा अन्तर्गत कटांगी में तथा रीवा नगर निगम के वार्ड क्रमांक 10 में मतदान 9 दिसंबर को ईव्हीएम के माध्यम से संपादित कराया जायेगा। कटांगी में सरपंच पद के लिए मतदान प्रातः 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक होगा जबकि रीवा नगर निगम के वार्ड क्रमांक 10 में पार्षद पद के लिए मतदान प्रातः 7 बजे से अपरान्ह 5 बजे तक संपन्न होगा। सरपंच पद की मतगणना 13 दिसंबर को प्रातः 8 बजे से खण्ड मुख्यालय में होगी तथा नगर निगम के वार्ड पार्षद की मतगणना 12 दिसंबर को प्रातः 9 बजे से शासकीय पॉलीटेक्निक कालेज रीवा में संपन्न करायी जायेगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार कटांगी में प्राथमिक शाला भवन कटांगी, प्राथमिक शाला भवन चकनंदीभौजी एवं प्राथमिक शाला भवन खरपटा में मतदान केन्द्र बनाये गये हैं जबकि रीवा नगर निगम में वार्ड क्रमांक 10 में शिक्षा महाविद्यालय के कमरा नंबर एक, दो, तीन एवं पांच में तथा मार्तण्ड उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के कमरा नंबर एक, दो, तीन एवं पांच में मतदान केन्द्र बनाये गये हैं।

## रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त

**रीवा।** मध्यप्रदेश राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी एम.बी. ओझा ने जिले की सोसायटी में संचालक मंडल के सदस्यों व पदाधिकारियों को अन्य संस्थाओं में भेजे जाने के निर्वाचन हेतु रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया है।

## पुलिस ने साइबर फ्राड करने वाले आरोपियों को बिहार से किया गिरफ्तार

रीवा। पुलिसअधीक्षक रीवा, विवेक सिंह के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रीवा सिटी, अनिल कुमार सोनकर एवं नगर पुलिस अधीक्षक रीवा श्रीमती शिवाली चतुर्वेदी के मार्ग दर्शन में थाना प्रभारी निरी0 हितेन्द्रनाथ शर्मा व थाना स्टाफ एवं सायवर सेल पुलिस टीम द्वारा महिला को लोन दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले आरोपीगणो को बिहार से गिरफ्तार कर भेजा गया जेल ।

घटना का विवरण:- दिनांक 23/03/2024 को शहर के एक प्रतिष्ठित डॉ0 द्वारा लिखित रिपोर्ट किया कि दिनांक 01/02/24 को मोबाइल फोन के माध्यम से लोन लेने हेतु फेसबुक पर रिलायंस फायनेंस प्रायवेट लिमिटेड पेज व लोन सेक्सन वेवसाईड पर क्लीक कराकर लोन दिलाने के नाम पर 12,00,000/- रुपये ( बारह लाख) रुपये की ठगी कर ले जाने के रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध किया गया। श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा स्वंय मामले को गम्भीरता से लेते हुए थाना प्रभारी विश्वविद्यालय को प्रकरण की विवेचना गम्भीरता पूर्वक करने हेतु निर्देशित किया गया। विवेचचना के क्रम में ज्ञात हुआ कि फरियादिया के साथ फ्राड करने वाले व्यक्ति बिहार के रहने वाले है तथा तकनीकी रुप से कुशल व शातिर किस्म के अपराधी है। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा आरोपियो की गिरफ्तारी हेतु एक सक्षम टीम तैयार कर बिहार भेजी गई। जहां आरोपीगणो की पता तलाश की गई। दौरान पता तलाश आरोपी प्रभाकर कुमार, रामकरन महतो, सुरेन्दर कुमार सभी निवासी राज्य बिहार के दस्तयाब होने पर आरोपी को अभिरक्षा में लेकर घटना के संबंध में पूछताछ पर बताये कि सुरेन्द्रर कुमार व प्रहलाद मिस्त्री द्वारा अपने साथी रामकरण महतो के नाम पर बैंक खाता खोलकर उक्त खाता एवं मोबाइल को स्वंय संचालित कर उस खाते में ठगी के रकम की लेन देन की गई है व उसके एवेज में प्रत्येक माह खाताधारक को किस्त में पैसा मिलना बताये। आरोपीगणो के कब्जे से अब तक 1,50,000/- रुपये बरामद किये जा चुके है।

## आवास सहायता की लंबित प्रकरणों की जानकारी प्रेषित करें

**रीवा।** जिला संयोजक अनुसूचित जाति एवं जनजातीय कार्य विभाग ने जिले के समस्त महाविद्यालयों एवं विद्यालयों के प्राचार्यों से आवास सहायता के लंबित प्रकरणों की जानकारी प्रेषित करने की अपेक्षा की है। उन्होंने कहा है कि जिन छात्र-छात्राओं की वर्ष 2018-19 से 2023-24 तक स्कॉलरशिप पोर्टल में प्रस्ताव स्वीकृत नहीं किये गये हैं या स्वीकृत कर संस्था में ही रखे हैं ऐसे प्रस्ताव भी कार्यालय को प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करायें। आवास योजना के लंबित प्रस्ताव तत्काल कार्यालय को भेजे अन्यथा इसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।

## एमपी ट्रांसको राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित राजभाषा शील्ड से सम्मानित

**रीवा।** मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी को राजभाषा हिंदी में उत्कृष्ट कार्य निष्पादन के लिए राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित राजभाषा सम्मान से पुरस्कृत किया गया है। यह शील्ड कन्याकुमारी में राजभाषा प्रबंध विकास संस्था नई दिल्ली द्वारा आयोजित हुए हिंदी राजभाषा सम्मेलन में प्रदान की गई है। इस सम्मेलन में भारत की सभी नवरत्न कंपनियों सहित केंद्रीय एवं देश की विभिन्न प्रादेशिक स्तर के शासकीय उपक्रमों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।



मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी की ओर से इस सम्मेलन में अधीक्षण अभियंता राजेश दीक्षित ने प्रतिनिधित्व किया। जिनकी उत्कृष्ट प्रस्तुति तथा प्रभावशाली व्याख्यान के कारण मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी को यह प्रतिष्ठित और गौरवशाली शील्ड प्राप्त हो सकी। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी का कार्य क्षेत्र पावर सेक्टर में अत्यंत तकनीकी स्वरूप का है ,इसके बावजूद कैसे कंपनी देश की राजभाषा हिंदी के अधिकाधिक उपयोग के लिए गंभीरता से कार्य कर रही है। राजेश दीक्षित को आगामी सत्र में सत्र अध्यक्ष का सम्मान देते हुए मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी को यह शील्ड प्रदान की गई। इस उपलब्धि पर मध्य प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने हर्ष व्यक्त करते हुए मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के कार्मिकों को हिंदी में उत्कृष्ट कार्य के लिए यह शील्ड प्राप्त होने पर बधाई दी। उन्होंने कहा है कि यह मध्य प्रदेश के लिए सम्मान का विषय है कि उसे राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट हिंदी कार्य के लिए एक तकनीकी संस्थान को इतना गौरवशाली और प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त हुआ है।

## सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल में जटिल आपरेशन कर बचाई रोगी की जान

**रीवा।** सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल रीवा में हृदय रोग विभाग में जटिल प्रोसीजरर द्वारा सीआरटीडी मशीन को रोगी के हृदय में इंप्लांट करके उसकी जान बचाई गई। इस संबंध में अस्पताल के अधीक्षक डॉ अक्षय श्रीवास्तव ने बताया कि सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल में विन्ध्य और बुंदेलखण्ड क्षेत्र के साथ-साथ आसपास के अन्य जिलों के भी हृदय रोगी उपचार के लिए लगातार पहुंच रहे हैं। हाल ही में मेडिकल कालेज में अपनी पढ़ाई पूरी कर रहे प्रशिक्षु डॉक्टर के पिताजी को



गंभीर स्थिति में हास्पिटल में भर्ती कराया गया। अधिक आयु के हृदय रोगी को सांस लेने में कठिनाई हो रही थी। एक वर्ष पूर्व ही उनकी एंजियोप्लास्टी कराई गई थी। सुपर स्पेशलिटी के डॉ एसके त्रिपाठी द्वारा की गई इको कार्डियोग्राफी में मालूम हुआ कि रोगी का हृदय केवल 20 प्रतिशत पंपिंग कर रहा है। ऐसी स्थिति में उसे कभी भी गंभीर कार्डियक अरेस्ट हो सकता है। रोगी को तत्काल जीवन रक्षा के लिए एक विशेष प्रकार के जटिल प्रोसीजर द्वारा हृदय में सीआरटीडी मशीन इम्प्लांट की गई। इसके बाद रोगी की हार्ट की पंपिंग में वृद्धि हुई। इस तरह का जटिल आपरेशन सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल में पहली बार किया गया। डॉ एसके त्रिपाठी तथा उनके सहयोगी डॉक्टरों ने इस आपरेशन को सफलतापूर्वक करके गंभीर रोगी की जान बचाई। अधीक्षक डॉ श्रीवास्तव ने बताया कि ठण्ड बढ़ने के साथ हृदय रोग से पीड़ितों की संख्या तेजी से बढ़ती है। हृदय रोगी को यदि समय पर सही उपचार न मिले तो उसकी असामयिक मृत्यु हो जाती है।

## छतैनी में जन समस्या निवारण शिविर आज

**रीवा।** शासन के निर्देशों के अनुसार आमजनता के आवेदन पत्रों का मौके पर निराकरण करने एवं शासन की योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए जन समस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में विकासखण्ड जवा के ग्राम पंचायत छतैनी में 3 दिसम्बर को शिविर आयोजित किया जायेगा। इस संबंध में प्रभारी कलेक्टर डा. सौरभ सोनवणे ने बताया कि मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत जवा को शिविर का नोडल अधिकारी बनाया गया है। विकासखण्ड जवा के परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास को सहायक नोडल अधिकारी के रूप में तैनात किया गया है।

## प्राकृतिक खेती और श्रीअन्न की खेती में बढ़ी किसानों की रूचि

### इस वर्ष 3832 किसानों ने प्राकृतिक खेती अपनाई

**रीवा।** समय की मांग को देखते हुए देश और प्रदेश के साथ रीवा में भी हरित क्रांति का असर तेजी से हुआ। आमजनता का पेट भरने के लिए खाद्यान्न के विपुल उत्पादन के प्रयास किए गए। बाणसागर बांध की नहरों का जाल रीवा जिले में बिछने के बाद धान और गेंहू के उत्पादन में लगभग चार गुना वृद्धि हुई। खाद्यान्न का उत्पादन बढ़ाने के लिए रासायनिक खाद और कीटनाशकों के अधिक उपयोग से खाद्यान्न की गुणवत्ता प्रभावित हुई। साथ ही खाद और कीटनाशकों के अधिक दाम के कारण किसानों को दोहरी परेशानी हुई। इस समस्या का समाधान प्राकृतिक खेती में है। जिले के कई किसान पुनः परंपरागत तरीके जैविक खाद का उपयोग करके प्राकृतिक खेती कर रहे हैं। स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ने के साथ मोटे अनाजों यानी श्रीअन्न की बाजार में मांग तेजी से बढ़ी है। किसानों ने प्राकृतिक खेती के साथ-साथ श्रीअन्न की खेती को भी तेजी से अपनाया है। इस संबंध में उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने बताया कि रीवा जिले में 2023-24 में कोदौ 288 हेक्टेयर, बाजरा 390 हेक्टेयर, मक्का 578 हेक्टेयर तथा ज्वार 263 हेक्टेयर में बोया गया था। इसकी तुलना में वर्ष 2024-25 में कोदौ 3470 हेक्टेयर, बाजरा 1350 हेक्टेयर, मक्का 1020 हेक्टेयर तथा ज्वार 378 हेक्टेयर में बोया गया है। प्राकृतिक खेती के लिए 3832 किसानों ने पंजीयन कराया है।

## सीएम हेल्पलाइन में 50 दिन से अधिक की शिकायतों का तत्काल निराकरण करें

### धरती आबा अभियान में शामिल गांवों के प्रस्ताव सात दिवस में प्रस्तुत करें : अपर कलेक्टर

**रीवा।** कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने टीएल पत्रों तथा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। अपर कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी सीएम हेल्पलाइन में 50 दिन से अधिक समय से लंबित आवेदनों का तत्काल निराकरण करें। पीएचई, खाद्य विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, राजस्व विभाग, गृह विभाग, शिक्षा विभाग, श्रम विभाग तथा जल संसाधन विभाग में बड़ी संख्या में आवेदन पत्र लंबित हैं। इसी तरह समाधान ऑनलाइन में शामिल एजेण्डा बिन्दुओं में लंबित सभी आवेदनों का भी सात दिवस में निराकरण करें। सभी प्रकरणों में समुचित कार्यवाही करके उचित प्रतिवेदन ऑनलाइन दर्ज करें। बिना समुचित कारण के किसी भी आवेदन को फोर्स क्लोज न करें।

अपर कलेक्टर ने कहा कि अभी भी सीएम हेल्पलाइन में कई विभागों में बड़ी संख्या में प्रकरण अनअटेंडेड है। सभी लेबल-1 के अधिकारी प्रकरण को अनिवार्य रूप से निराकृत करें। बिना किसी कार्यवाही के प्रकरण लेबल-2 और लेबल-3 में जाने पर कड़ी अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, सूचना प्रौद्यौगिकी और श्रम विभाग की शिकायतों पर तत्काल कार्यवाही कर इनका निराकरण करें। सभी एसडीएम सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की प्रतिदिन जानकारी लें। सभी विकासखण्डों में 70 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए लगातार शिविर बनाए जा रहे हैं। विशेष ग्राम सभाओं में भी आयुष्मान कार्ड अनिवार्य रूप से बनाएं। निर्धारित लक्ष्य के अनुसार 10 दिसम्बर तक शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाएं।

अपर कलेक्टर ने कहा कि दो दिसम्बर से समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन शुरू हो गया है। उपार्जन के लिए बनाए गए नोडल अधिकारी तथा एसडीएम उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण कर सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। खरीदी केन्द्र में किसानों के लिए छाया, पानी, ठहरने तथा धान के भण्डारण की समुचित व्यवस्था कराएं। खरीदी केन्द्रों में पर्याप्त संख्या में बारदाने, तौलकांटे, मजदूर तथा धान की साफ-सफाई की भी व्यवस्था कराएं। बाद में स्वीकृत खरीदी केन्द्र भी आज से ही शुरू करा दें। जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना से दर्ज सिलाई के परंपरागत कारीगरों के आवेदन सत्यापित करके पोर्टल में दर्ज कराएं। कार्यवाही के लिए जनपद स्तर पर लगभग 14 हजार आवेदन पत्र लंबित हैं। सभी अधिकारी आदिमजाति कल्याण विभाग की धरती आबा अभियान में शामिल गांवों में जनजातीय परिवारों के कल्याण के प्रस्तावों को शामिल करते हुए सात दिवस में विभागीय कार्ययोजना प्रस्तुत करें। इसमें पेयजल व्यवस्था, स्वास्थ्य सुविधाएं, शिक्षा तथा अधोसंरचना विकास के कार्यों को शामिल करें।

जिले के जवा, त्योंथर और सिरमौर विकासखण्डों में इस योजना के अधिकतर गांव शामिल हैं। बैठक में एसडीएम मनगवां पीएस त्रिपाठी, एसडीएम त्योंथर संजय जैन, एसडीएम जवा पीयूष भट्ट, एसडीएम हुजूर वैशाली जैन, एसडीएम सिरमौर आरके सिन्हा, संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर श्रेयस गोखले तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।


आयुष्मान द्वारा निःशुल्क उपचार की सूवधा

अब रीवा (म.प्र.) के लाइफ केयर हॉस्पिटल में

लेज़र मशीन द्वारा

बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फिशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू

लेजर फायदें

- अस्पताल मे रहने की आवश्यकता नही
- ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ
- रक्तस्राव व दर्द कम एवं कम समय मे ही अस्पताल से छुट्टी
- किसी भी पारंपरिक इलाज से बहुत प्रभावी एवं गुणकारी
- फिर से होने की संभावना सबसे कम
- कम से कम समय मे काम पुनः शुरू कर सकते है

उपलब्ध सुविधाऐं

- आकस्मिक चिकित्सा इकाई
- गहन चिकित्सा
- खून जाँच एवं डिजिटल एक्स-रे केन्द्र
- दवाईयाँ
- प्रसूति कक्ष
- शल्य चिकित्सा कक्ष
- शल्य कियोत्तर कक्ष

आयुष्मान द्वारा निःशुल्क उपचार की सुविधा

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करे-

लाइफ केयर हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर

जनता कॉलेज रोड, अनन्तपुर रीवा (म.प्र.)

8435896118, 9630131919, 7898847200



स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833